卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 137 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦21 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## प्राधिकरण ने हल्द्वानी में आठ दुकानें की ध्वस्त



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में विकास प्राधिकरण ने मटरगली में व्यामशाला की आड़ में बनी अवैध दुकानों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करते हुए एक हॉल को सीज कर दिया। प्राधिकरण की संयुक्त सचिव ऋचा सिंह की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया वर्ष 2018 से यह मामला मंगतराम गुप्ता बनाम सरकार चल रहा था। जिसमें प्राधिकरण से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने के के आदेश जारी हुए थे। पहले भी इस प्रकरण में कई शिकायतें दर्ज की थी आज उसी क्रम में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू की गई है जिसमे बिना अनुमति के आरोपी रोहित गौड़ द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाई गई 8 दुकानें को ध्वस्त किया गया और व्यामशाला की जमीन पर अवैध रूप से जमीन पर बने एक बड़े हॉल को सील करने की कार्रवाई की गई।

## कांग्रेसियों ने फूंका सरकार का पुतला

### जमीनों के सर्किल रेट बढ़ाने का विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)। सरकार द्वारा जमीनों के सर्किल रेट बढ़ाए जाने के विरोध में कांग्रेस ने सरकार पुतला फुंका सर्किल रेट वापस ना होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के नगर अध्यक्ष



तथा उप निबंधक के कार्यालय पर धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की गई। कांग्रेसियों ने भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा जो सर्किल रेट जारी किए गये हैं वह तुगलकी आदेश की तरह है जिससे आम आदमी को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजीव चौधरी ने कहा कि सर्किल रेट बढ़ाए जाने से किसानों को भी (शेष पृष्ठ सात पर)

### पांच दिनों में नहीं हुई एक भी रजिस्ट्री

किच्छा। दस्तावेज लेखकों एवं अधिवक्ताओं ने सर्किल रेट बढ़ाए जाने के कारण बीते पांच दिनों से एक भी रजिस्ट्री नही की है।दस्तावेज लेखक अधिवक्ता परगट सिंह ने बताया कि पिछले पांच दिनों से एक भी रजिस्ट्री (शेष पृष्ठ सात पर)

## चेकिंग के दौरान दरोगा से हाथापाई, दो युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। वाहन चेकिंग के दौरान एक दरोगा के साथ हाथाईपाई का मामला सामने आया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने मौके से ही हिरासत में ले लिया। मामले में दरोगा की तहरीर के आधार पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। दरोगा मनोज यादव ने बताया कि सोमवार की देर रात ताज चौराहे के पास चेकिंग चल रही थी। उसी समय एक बुलट पर दो युवक बिना हेलमेट आते दिखाई दिए। जब उन्हें रोका गया तो चालक ने खुद को किदवई नगर निवासी अनस बताते हुए उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। कार्रवाई की बात कहने पर युवकों ने पहले उनकी नेमप्लेट खींची उसके बाद मारपीट शुरू कर दी। वायरलैस की सूचना पर थाने से पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो उन्हें देखकर युवकों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। दरोगा मनोज यादव की ओर से दोनों बाइक सवारों के खिलाफ मारपीट, धमकी देने, सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## नशे की प्रतिबंधित दवाओं के साथ एक दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल व गोलियों के जखीरे के साथ गिरफ्तार कर लिया। खुलासा करते हुए एएसपी चन्द्रशेखर घोड़के ने बताया कि उप निरीक्षक महेश काण्डपाल हेकानि. आसिफ हुसैन, कानि. विनोद खत्री, महिला कानि. कंचन चौधरी के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान छतरपुर बिन्दुखेडा मे एक किराने की दुकान के बाहर उन्हें कुछ लोग खडे दिखाई दिये। जब वे पुलिस को देखकर भागने लगे तो संदेह होने पर पुलिस ने दुकान स्वामी को पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता जगजीत सिह उर्फ जग्गू पुत्र सुच्चा सिह निवासी बिन्दुखेडा बताया।



उसका कहना था कि उसके पास नशे के कैप्सूल है जिसे लेने के लिए ही यहां लोग आये थे। यह पता लगने पर पुलिस टीम नें वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक अपराध की मौजूदगी मे पुलिसकर्मियों ने जगजीत की तलाशी ली तो उसके पास से कुल 4590 प्रतिबंधित नशे के कैप्सूल तथा गोलियां बरामद हुई। कड़ी पूछताछ में जगजीत(शेष पृष्ठ 7 पर)

## नकदी समेत सटोरिया पकड़ा

काशीपुर(उद संवाददाता)। सट्टे की अवैध खाई बाड़ी में लिप्त एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1800 की नकदी के अलावा पेन सट्टे की पर्ची व डायरी बरामद किया है। आवश्यक पूछताछ के बाद पकड़े गए सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मोहल्ला काजी बाग निवासी पुनीत पाल पुत्र शिवकुमार को इलाके से गिरफ्तार कर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1800 रुपयों की नकदी के अलावा सट्टे (शेष पृष्ठ सात पर)

## दूसरे निकाह के लिए शिक्षक ने पत्नी को दे दिया तलाक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। संतान न होने पर एक शिक्षक द्वारा अपनी बीबी को तीन तलाक दे दिया और एक युवती को लेकर फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले में रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अरोपी शिक्षक जिला पीलीभीत के अमरिया थाने अंतर्गत ग्राम उदयपुर माफी का रहने वाला है तथा पीलीभीत के कस्बा अमरिया के बीआरसी कम्पोजिट के राजकीय प्राथमिक विद्यालय का सरकारी अध्यापक है। पीड़िता ने दर्ज रपट में कहा है कि उसका विवाह मुस्लिम रीति रिवाज से 22 फरवरी 2015 को इरशाद अहमद पुत्र शफी अहमद निवासी ग्राम उदयपुर माफी थाना अमरिया, जिला पीलीभीत के साथ हुआ था। विवाह के बाद से उनकी संतान ना हो पाने पर पति इरशाद हुसैन, किच्छा वार्ड 12 निवासी एक युवती से दूसरा विवाह करने की जिद करने लगा। पीड़िता का कहना है कि विगत 9 फरवरी को पति उसे लेकर उसकी बहन के तराई विहार स्थित घर पर पहुंचा तथा अपने दूसरे विवाह की जिद करने लगा। जब उसने पति इरशाद को ऐसा करने से रोकने का प्रयास करने पर वह वही एक बार में तीन तलाक बोलते हुए उसके परिजनों को गालियां (शेष पृष्ठ सात पर)

## वाहन की चपेट में आने से गुलदार की मौत

रामनगर (उद संवाददाता)।सोमवार देर रात एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मादा गुलदार की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने गुलदार के शव को कब्जे में लेकर अज्ञात



वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग की रामनगर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी देवेंद्र रजवार ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की रात ग्राम सखकनपुर क्षेत्र में सड़क पार करने के दौरान एक गुलदार की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## मॉल से गायब इनोवा बरामद, दो गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रिया मॉल की पार्किंग से गायब हुई इनोवा को पुलिस ने घटना के 3 दिन बाद बरामद करते हुए आरोपी कार चालक तथा उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर मामले का पटाक्षेप कर दिया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि दोनों उड़ाई गई कार को बेचने की फिराक में थे। ज्ञातव्य है कि मोहल्ला कटरा मालियान निवासी आभा अरोरा पत्नी मनोज अरोरा ने बीते 18 फरवरी को पुलिस को सूचना दी कि प्रिया मॉल की पार्किंग में खड़ी रहने वाली उसकी इनोवा कार संख्या यूके 18एल/4175 प्रतापपुर निवासी ड्राइवर अमित कुमार बगैर बताए कहीं लेकर फरार हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर गायब कार का पता लगाना शुरू कर दिया। इसी बीच जरिए मुखबिर सूचना मिली की प्रिया माल के पार्किंग से चुराई गई इनोवा पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उसे कुछ लोग मुरादाबाद की ओर से बेचने के लिए नए ढेला पुल से होते हुए सुरक्षित ठिकाने की ओर (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसडीएम ने निरस्त किए दो करोड़ से अधिक के टेंडर

### बिना टेंडर काम कराने बाद टेंडर निकालने पर कार्रवाई,हड़कम्प

नानकमत्ता /सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत नानकमत्ता द्वारा निर्माण कार्य के लिए निकाले गए दो करोड़ से अधिक के टेंडर एसडीएम ने शिकायत के बाद निरस्त कर दिए हैं। आरोप है कि जिन कामों के टेंडर निकाले गए हैं उनमें से अधिकतर काम हो चुके थे। एसडीएम के टेंडर निरस्त करने की कार्रवाई से नगर पंचायत में हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम कार्यालय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नानकमत्ता क्षेत्र के जोगिंदर कुमार द्वारा एसडीएम तुषार सैनी को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि नगर पंचायत नानकमत्ता में शासनादेश की धज्जियां उड़ाते हुए बिना टेंडर कराए कई काम करा दिए। आरोप है कि नगर पंचायत नानकमत्ता द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

### बिना टेंडर के काम कराने पर उठ रहे सवाल

नानकमत्ता।नगर पंचायत द्वारा काम करा कर बाद में टेंडर डालने से कई सवाल उठ रहे हैं, हालांकि अभी जांच का विषय है, लेकिन आरोपों की बात करें तो काम कराकर टेंडर निकालने से पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठना लाजमी है, इसमें कई अधिकारियों की मिलीभगत भी सामने आ सकती है, टेंडर निकालने से पूर्व संबंधित अधिकारियों व स्टीमेट बनाने वाले अधिकारियों ने मौके पर जाकर निर्माण स्थल का सर्वे नहीं किया, जिससे इनकी मिलीभगत (शेष पृष्ठ सात पर)

## चावल व्यवसायी से डेढ़ करोड़ की ठगी

### निर्यात किये गये चावल का नहीं किया पूरा भुगतान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूस की कंपनी को निर्यात किये गये चावल का डेढ़ करोड़ का भुगतान नहीं किया गया। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किच्छा रोड स्थित केएलए इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर अशोक अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कंपनी वर्तमान में 40 देशों को चावल का निर्यात करती है। कम्पनी ने सुजीन राणा निवासी ए–27 विल्डर्स एण्ड डेवलपर्स, ग्रीन एस्टेट, रूड़की रोड मेरठ के कहने पर 1.85 करोड़ मूल्य का चावल निर्यात किया था, उसमें से 1.51 करोड़ आज भी लेना शेष है। निर्यात के कागजात रूस की कम्पनी जेएससी नेवस्की कुपोला (सेंट पीटर्सबर्ग, रूस) के बैंक को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रेषित किये गए थे। भुगतान की शर्तों के हिसाब से निर्यातित चावल का भुगतान करने के पश्चात ही बैंक से कागजात प्राप्त करने थे। किन्तु सुजीन राणा द्वारा बैंक से साँठ गाँठ कर 1.51 करोड़ हड़प लिये। अशोक अग्रवाल ने तहरीर में कहा है कि यह न केवल उनकी कम्पनी को आर्थिक क्षति है बल्कि राष्ट्र की भी बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का नुकसान है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार ईमेल फोन द्वारा सम्पर्क किये जाने पर उक्त व्यक्ति ने धमकी देकर कहा कि उनके हाथ बहुत लम्बे हैं अभी तो केवल आर्थिक क्षति पहुँचाई है यदि ज्यादा तकाजा किया तो जान की भी हानि हो सकती है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचायें: बहुगुणा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यसमिति की बैठक अल्मोड़ा धौलछीना में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह रावत द्वारा सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत तथा हमारे भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शक श्रद्धा अटल





बिहारी बाजपेई जी के हस्तलिखित पुस्तिकाएं भेंट की तथा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रभारी संजय डालाकोटी आगामी कार्यक्रमों को संगठन के माध्यम से प्रत्येक बूथ तक करने वाले करणीकार्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा द्वारा सभी नवनियुक्त कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया उन्होंने सभी पदाधिकारी पूर्ण मनोयोग से सरकार और संगठन के बारे में आम जनता तक बात रखने की अपील की। जिसमें सरकार द्वारा विभिन्न योजना को चलाया जा रहा है उन्हें आमजन तक पहुंचाने का काम करें श्री बहुगुणा द्वारा कार्यकर्ताओं को आपसी तालमेल बनाकर एक अनुशासित कार्यकर्ता के रूप में काम करने का आह्वान किया। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए तमाम विकास कार्यों और आम जनता के कार्यों को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने का संकल्प लेने के लिए कहा। मुख्यवक्ता के रूप में निवर्तमान जिलाध्यक्ष रवि रौतेला ने पार्टी को कैसे आगे बढाने के लिए कहा उन्होंने कहा की अटल जी ने तीन दिन से तेरह माह तथा पांच साल की सरकार चलाई देश के प्रधानमंत्री ने धारा 370व 35। जैसे कानून समाप्त कर एक मिशाल कायम किया राम मंदिर जैसे विवादास्पद मुद्दे को माननीय न्यायालय ने फैसला देकर भाजपा की सरकार ने बनाने का काम किया उन्होंने कहा केन्द्र सरकार ने मुफ्त राशन,किसान सम्मान निधी जैसे कई कार्य किये है जिसे जरुरतमंदो तक पहुंचाने का काम करे।प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक न कहां कि मैं पार्टी का एक कार्यकर्ता होने के नाते आप लोगों के बीच एक सेवक के रूप में काम करने के लिए आया काम करते रहूँगा। उन्होंने कहा यह बैठक एक कामकाजी बैठक है जिसमें जिसमें पंचपरमेश्वर के बारे में बताया। उन्होंने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष यह पंचपरमेश्वर के आधार पर कार्य करने की परिपाटी है।भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य रंजीत सिंह भंडारी का फूलमलाओं व अटल जी की पुस्तिका भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला मिडिया प्रभारी राजेन्द्र बिष्ट, जिला कार्यसमिति सदस्य भगवान सिंह नेगी, राजेन्द्र सिंह राणा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बोरा शिव मंगल पांडे धीरज सिंह नेगी, कैलाश चंद भट्ट, मंत्री सुरेश राम सुनीता देवी बालम सिंह कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह मीडिया प्रभारी रवि नेगी संयोजक शंकर सिंह सुप्याल सोशल मीडिया संयोजक पंकज सिंह चम्याल, युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रकाश वाणी किसान मोर्चा के अध्यक्ष दरबान सिंह बिष्ट ,देवेंद्र सिंह ,रूप सिंह, दयाकृष्ण ,धर्म सिंह ,नंदन सिंह ,संजय सिंह नेगी, विमला देवी, सुनीता देवी, गिरीश सिंह ,प्रताप सिंह, कमलेश आर्य ,मोहन सिंह, बसंत लाल ,गोविंद राम ,रूप सिंह,आदि उपस्थित थे।संचालन मंडल महामंत्री शंकर कुमैया व दीवान सिंह ने किया।

# भुगतान न होने पर लीसा ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन

बागेश्वर( उद संवाददाता)।लीसा गढ़ान, ढुलान कार्य का भुगतान नहीं होने पर लीसा ठेकेदारों ने नाराजगी जताई है । नाराज ठेकेदारों ने बकाया बिल का भुकतान को लेकर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। वन विभाग पर उपेक्षा का आरोप लगाया। उनके भुगतान का बजट विभाग अन्य कार्यों पर खर्च कर रहा है। भुगतान नहीं होने से उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। लीसा ठेकेदार सोमवार को कलक्ट्रेट में पहुंचे। यहां अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने पिछले साल जिले में लीसे का गढ़ान



तथा ढुलान कार्य किया, लेकिन अभी तक उन्हें इसका भुगतान नहीं हो पाया है। वन विभाग उनकी उपेक्षा कर रहा है। बजट आने पर उन्हें नाममात्र का भुगतान दिया जाता है, जबकि उनके बजट को अन्य कार्यों में खपाया जा रहा है। विभाग ने उन्हें लीसा मोटर रोड डिपो में जमा करने के आदेश गत वर्ष अक्टूबर में दे दिया था। आदेश के बाद सभी ठेकेदारों ने लीसा डिपो में जमा कर दिया है। भुगतान के अभाव में अब उनके सामने श्रमिकों, खच्चारों आदि का भुगतान करने की चुनौती बनी हुई है। इसके अलावा आने वाले दिनों में नया लीसा का कार्य भी शुरू किया जाना है। भुगतान नहीं होने से ठेकेदार परेशान हैं। उनके सामने कारोबार के साथ घर चलाने की समस्या खड़ी हो गई है। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जल्द भुगतान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दभी दी है। इस मौके पर लीलाधर पांडे,भूधर भाकुनी, टीका राम, विशन दत्त, दयाल चौबे,जगदीश सिंह रावत, मोहन रावत आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना फाउंडेशन एकेडमी का वार्षिकोत्सव

गदरपुर( उद संवाददाता)। कोविड परिस्थिति से उबरने के बाद फाउन्डेशन एकेडमी का वार्षिकोत्सव (संग्रह) बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर धूम मचायी। सोमवार को आयोजित फाउन्डेशन एकेडमी के वार्षिकोत्सव





कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे डा.सीमा अरोरा (डायरेक्टर सिग्मा इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस), सम्मानीय अतिथि डा. विभा सिंह (समग्र आहार विशेषज्ञ), अध्यक्ष अतिथि संदीप चावला सचिव व्यापार मंडल गदरपुर द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। फीता काटने के साथ ही सभी गणमान्य अतिथियों के साथ विद्यालय के निर्देशक नैब सिंह धालीवाल, प्रबंध निदेशक संदीप सिंह धालीवाल, फाउन्डेशन एकेडमी की प्रधानाचार्या संदीप कौर एवं रेड रोज कांवेंट स्कूल की प्रधानाचार्या नूपुर चन्द्रा ने संयुक्त रुप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। एकेडमी के एनसी से कक्षा 1 तक के बच्चों के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत में छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी सुरीली आवाज में स्वागत गीत गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया स रणवीर मेडली एवं दलेर सिंह के ता रा रा रा गीत पर हुए नृत्य ने दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। ट्रिब्यूट टू लता मंगेश्वर ने भी सभी को लता मंगेश्वर की स्वरलहरियों की स्मृति में डूबो दिया। वहीं सालखा द्वारा पश्चिमी सम्यता को बखूबी दर्शाया गया। थीम डांस में विवाह के दृश्य को देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गयी। वहीं दूसरी तरफ एनर्जी सेविंग मोड डांस देखकर सभी हस-हस कर लोट पोट हो गये । सेव रिवर नृत्य नाटिका द्वारा नदियों के संरक्षण हेतु संदेश दिया गया। इसके अलावा पंजाबी डांस, बूमरो डांस एवं गिद्दा की भरपूर सराहना की गयी। सभी कार्यक्रम की पूरी तैयारी फाउन्डेशन एकेडमी की शिक्षिकाओं द्वारा की गयी। कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि एवं सम्मानीय अतिथि द्वारा विद्यालय के बच्चों के द्वारा किये गये प्रयास की भरपूर प्रशंसा की गयी एवं उन्होंने बताया कि ये छोटे बच्चे ही हमारे देश का भविष्य है। अंत में फाउन्डेशन एकेडमी की प्रधानाचार्या संदीप कौर ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया एवं स्टाफ के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में गदरपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष जयकिशन अरोरा,रेशमा अख्तर, कुलजीत कौर, रजनी हुडिघ्या, संजय सिंह एमडी जिज्ञासा एकेडमी, अमरजीत सिंह, सतीश बत्रा प्रधानाचार्य सिटी मॉडल इंटर कालेज, राहुल अनेजा व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष, सिब्ते नबी, परमजीत सिंह,देवीशरण बठला, भूपेन्द्र सिंह,चन्द्र खेड़ा, सिल्की खेड़ा ग्राम प्रधान, मोनिका कश्यप, प्रियंका बत्रा, चान्दनी बालवानी, किरनदीप कौर अलका खेड़ा अभिषेक खेड़ा दीक्षा खेड़ा सहित काफी संख्या अभिभावक गण एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# खड़िया पट्टाधारकों के खिलाफ छातीखेत के ग्रामीणों का प्रदर्शन

बागेश्वर( उद संवाददाता)। सफेद हीरे की खान का प्रमुख केंद्र बने जिले में आए दिन खनन क्षेत्रो में अनियमित्ता और नियमों की अनदेखी करने के आरोप लगते आए है, खनन से जुड़े पट्टाधारकों के खिलाफ ग्रामीण मुखर होने लगे हैं। ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि गांव में खड़िया खनन से उनके रास्ते, पेयजल योजना आदि ध्वस्त हो गए हैं। अब उन्हें पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन



की चेतावनी दी है। छातीखेत के ग्राम प्रधान महेश सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि खोलियागांव के खड़िया पट्टाधारक ने ग्राम छातीखेत के अनेरिया तोक में भारी नुकसान पहुंचा दिया है। पूर्व में बनी पेयजल लाइन ध्वस्त हो गए हैं। गांव में पानी का संकट गहरा गया है। हर घर नल, हर घर जल योजना भी प्रभावित हो गई है। जिला पंचयत द्वारा बनाए गए सीसी मार्ग का पता ही नहीं है। खड़िया खनन की मिट्टी पुंगर नदी तक पहुंच गई है। यहां उपजाऊ जमीन भी संकट में हैं। पौकलैंड व जेसीबी मशीन चलाने की कोई सीमा नहीं है। रात- दिन मशीनें चलाई जा रही हैं। इसके अलावा झाड़कोट की माइन से शिव मंदिर व नहरों को खतरा हो गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से क्षेत्र का मौका मुआयना कर उनकी समस्या दूर करने की मांग की है। मांग करने वालों में गणेश सिंह, भूपाल सिंह, दर्शन सिंह, पवन कालाकोटी, प्रताप सिंह, सुमित कालाकोटी, मेघा कालाकोटी, रीता देवी, नीमा देवी, खष्टी देवी, हंसा, रजनी, तारा व उमा आदि मौजूद रहे।

# फर्स्वाण बने एआईसीसी सदस्य

बागेश्वर (उद संवाददाता)। कपकोट के पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण को (एआईसीसी) अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सदस्य बनाया गया है।कांग्रेस कार्यकर्ता रहते उनके द्वारा संगठन हित के लिए कार्य कराने की शैली के चलते कई बार उन्हें राहुल गांधी के करीबी देखा गया है,वही राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा में देश के प्रमुख नेताओं की सूची में उनका नाम सुमार था, वही देवभूमि उत्तराखंड से वह अकेले सदस्य थे जो 180 दिनों की भारत जोड़ो यात्रा के सदस्य थे, वही कांग्रेस



सरकार में विधायक रहते कपकोट विधानसभा सहित आमजन के विकास के लिए कार्य करने की उनकी शैली से वे आमजन के नेता बन गए थे,वही जनसमस्याओं और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा सहयोग करने की उनकी शैली से कांग्रेस जिले में मजबूत हुई थी,विधायक रहते हुए संगठन विशेष के बजाय आमजन की समस्याओं के लिए सभी दलों के कार्यकर्ताओं से बेहतर संवाद रहना उनकी बेहतर कार्यशैली में शामिल रहा, वही आमजन में बेहतर संवाद से उनकी बहुमुखी प्रतिभा निखरती गई, वही आम विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद भी उनके द्वारा अपना जनसंवाद जारी रहा, हार के बाद भी लोगों में उनके प्रति सम्मान भाव मे कमी नही हुई, आमजन में आज भी फर्श्वाण की भूमिका एक हीरो की तरह दिखी है, वही उनका चयन राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बनने से कांग्रेसियों में खुशी की लहर है, वही जिला कांग्रेस इकाई ने खुशी जताई है।वही पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ,जिलाध्यक्ष भगवत डसीला,निवर्तमान जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक,पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी,पूर्वदर्जा मंत्री राजेन्द्र टँगड़िया,नगर पंचायत अध्यक्ष गोबिंद बिष्ट, व्यापार मंडल अध्यक्ष बबलू नेगी, पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अन्य कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

गरूड़/बागेश्वर( उद संवाददाता)। जिले के ब्लॉक गरुड़ के न्याय पंचायत बैजनाथ के जन मिलन केंद्र मेलाडुंगरी में पंचायती राज विभाग उत्तराखंड के तत्वाधान में जन जागरण समाज सेवी संस्था डाकपत्थर के द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज के अंतर्गत पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों हेतु जलापूर्ति, गवर्मेंस, डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय अध्यक्ष सुबोध गोयल जन जागरण समाज सेवी संस्था,ग्राम प्रधान,वार्ड सदस्यों,एवं अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में शुरू किया गया। प्रशिक्षण में जन जागरण समाज सेवी संस्था की मुख्य प्रशिक्षिका विभु कृष्णा ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति 2016 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ठोस अपशिष्ट का सुव्यवस्थित व वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण और ग्राम पंचायत को प्रदत्त अधिकार और गंदगी फैलाने वालों पर दंड लगाने की जानकारी दी,उन्होंने जागरूकता बढ़ाने व ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन की डीपीआर बनाने पर भी जोर दिया।द्वितीय सत्र प्रशिक्षिक धीरेंद्र सिंह रावत ने गांव को उत्तम स्वास्थ्य व्यवस्था, स्वच्छता, शून्य भूखमरी, खुले में शौचमुक्त गांव एवं खुशहाली व स्वच्छ भारत मिशन पर विभिन्न गतिविधियों तथा सत्य घटनाओं



पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्मों के माध्यम से सभी जन प्रतिनिधियों को जागरूक किया। उन्होंने सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए सरकारी अधिकारी कर्मचारियों जो कि ग्राम स्तर पर काम कर रहे हैं से अनुरोध किया कि ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, प्रधान, वार्ड सदस्यों को इन सभी विभागों से संपर्क कर अपनी ग्राम की विकास योजना में सम्मिलित करते हुए योजना बनाए। दूसरे सत्र में पेयजल पर चर्चा करते हुए जन प्रतिनिधियों को बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वच्छ पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण पानी किस प्रकार आपके घरों तक पहुंचाने के लिए सरकार कार्य कर रही है इस अवसर पर विभिन्न विभागों से आए,अधिकारियों ,आगनवाड़ी,आशा ने अपनी अपनी बात रखी। इस दौरान मेलाडुंगरि की ग्राम प्रधान कौशल्या देवी ने बताया कि किस प्रकार से एक महिला प्रधान बनने के बाद ग्राम की अन्य महिलाओं में बदलाव आए है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक दीपक पेटशाली एवं कविता नेगी द्वारा खेल एक्टिविटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया जिसमें मुख्य रूप से जैविक व अजैविक कूड़ा को रसोई घर से ही कैसे अलग अलग करें जिससे कूड़ा एक संसाधन बन जाता है जिसका आसानी से निस्तारण किया जा सकता है के बारे में बारीकी से समझाया गया। खेल और डॉक्यूमेंटरी फिल्म जन प्रतिनिधियों को सबसे ज्यादा पसंद आई। इस दौरान ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पूजा वर्मा के द्वारा प्रशिक्षण के तरीके और प्रस्तुतिकरण की सराहना की। साथ ही वार्ड सदस्यों के सशक्तिकरण, प्रधानों के जागरूक होने और इस प्रकार की बैठक एवं प्रशिक्षण में सभी लाइन डिपार्टमेंट के शामिल होने की बात भी रखी गई। इस अवसर पर विभु कृष्णा, धीरेंद्र सिंह रावत, दीपक पेटशाली, कविता नेगी आदि मौजूद रहे।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• मशीन द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S.Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# बच्चों के अकादमिक विकास एवं उन्नयन में प्रधानाध्यापक की अहम भूमिका

## एफएनएल के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्लाक संसाधन केंद्र में एफएलएन के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक हेतु ब्लाक के समस्त प्रधानाध्यापक की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लाक उप शिक्षा अधिकारी डॉ. गुँजन अमरोही द्वारा की गई। बैठक का उद्देश्य विद्यालय में बच्चों के अकादमिक विकास एवं उन्नयन हेतु प्रधानाध्यापक की भूमिका व जिम्मेदारी निर्धारित करना था। बैठक के अंतर्गत समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा अपने विद्यालय स्तर पर एफएलएन के क्रियान्वयन से सम्बंधित तथा कमजोर बच्चों की सूची उपलब्ध कराई गई। इस दौरान मास्टर ट्रेनर तथा अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जिन्होंने कक्षा वार एफएलएन के लक्ष्यों तथा सीखने के प्रतिफलों पर विस्तार से चर्चा की । जिसमे विभिन्न प्रकार के सीखने के प्रतिफलों पर आने वाली चुनौतियों व उनके संभावित समाधानों पर भी चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर ने एफएलएन के प्रशिक्षण को बताते हुए नवम्बर माह के प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला। ततपश्चात एफएलएन के लक्ष्य एवं सीखने के प्रतिफलों पर विस्तार पूर्वक कक्षा वार एवं विषयवार सीखने के लक्ष्य पर बात की गई। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि एफएलएन के लक्ष्य टाइम बाउंड होने के कारण प्रत्येक अध्यापक द्वारा उसके दस्तावेजीकरण एवं जिम्मेदारी को स्वत: ही निर्धारित करते हैं। उपशिक्षा अधिकारी डा.अमरोही ने एफएलएन के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु विद्यालय स्तर पर किस तरह की गतिविधियों, शैक्षिणिक विधियों का प्रयोग किया जा रहा हैं इसकी जानकारी ली तथा विभिन्न विधियों से प्रधानाध्यापकों को अवगत कराया। उन्हें निर्देशित किया कि सभी सहायक अध्यापकों की बैठक लेकर यह सुनिश्चित कर लें कि निश्चित समय के अंतर्गत एफएलएन के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित कर लें एवं कक्षा वार उनकी जिम्मेदारी तय कर ली जाय। उन्होंने कहा प्रत्येक सहायक अध्यापक सीखने के प्रतिफलों का दस्तावेजीकरण कर यह सुनिश्चित करें कि सभी छात्रों के द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति कर ली गई है। जिन बच्चों को इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में कठिनाई का अनुभव हो रहा है उन्हें सूचीबद्ध करें और उनके लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की जाय। चर्चा में प्रधान अध्यापकों ने बताया कि सहायक अध्यापकों द्वारा एफएलएन की जानकारी दी गई है।प्रधानाध्यापकों को इसके लक्ष्य एवं सीखने के प्रतिफलों की जानकारी है। प्रत्येक विद्यालय में एफएलएन के लक्ष्यों एवं लोगो प्रतिज्ञा दीवार पर विभिन्न माध्यमों जैसे फ्लेक्सी, एवं पेंट द्वारा प्रदर्शित किया गया है। एफएलएन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए छात्रों को कक्षा के अनुरूप शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है जिसमें प्रधानाध्यापकों द्वारा सुनिशित किया गया कि निपुण भारत की भाषा एवं गणित की अभ्यास पुस्तिका प्रत्येक छात्र को उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही बरखा सीरिज की पुस्तकेंबाल साहित्य उपलब्ध कराया गया है। जिसका उपयोग कक्षा शिक्षण के दौरान एफएलएन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि मुख्य चुनौतियाँ छात्रों की अनुपस्थिति, सत्र के मध्य में होने वाले नवीन एवं अनिवार्य प्रवेशों, मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में किन्ही विशेष दिवसों, विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के कारण अनुपस्थिति, मौसमी प्रवास के कारण होने वाली अनुपस्थिति की दर बढ़ जाती हैं जिसके कारण शिक्षण के महत्वपूर्ण सम्बोध बच्चों तक नहीं पहुँच पाते हैं जिसका आने वाले कक्षा सत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस दौरान समस्त प्रधानाध्यापकों द्वारा विश्वास दिलाया गया कि आगामी नए सत्र में एफएलएन के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सभी प्रतिवद्ध रह कर निश्चित समय में लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे।



# अमेनिटी पब्लिक स्कूल में गोल्डन बेबी लीग का भव्य समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अमेनिटी पब्लिक स्कूल में गोल्डन बेबी लीग के समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसपी क्राइम ब्रांच चंद्रशेखर आर घोडके और विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेंद्र बिष्ट अख्तर अली द्वारा इस समापन समारोह का शुभारंभ किया गया। आयु 8 वर्ष में पहला स्थान टीम ड्रेगनस ने, द्वितिय स्थान टीम असेल ने तथा तीसरा स्थान टीम डोलफिन ने प्राप्त किया। 10 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान टीम डायमंड ने, द्वितिय स्थान टीम ईगल्स ने तथा तीसरा स्थान टीम डक्स को मिला। 12 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान टीम कोकोडाल्स ने, द्वितिय स्थान टीम काउग्रस ने व तीसरा स्थान टीम रेड स्टोन को मिला। विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की गई। 8 वर्ष की आयु बालिका वर्ग में प्रयासी साह टीम डोलफिन व 12 वर्ष की आयु में मान्या शर्मा टीम कोकोडाइल्स व इसके अतिरिक्त 8 वर्ष की आयु बालक वर्ग में हरपिंदर सिंह टीम ड्रेगन, 10 वर्ष की आयु वर्ग में दिव्यांस सिंगल टीम डायमंड, व 12 वर्ष की आयु वर्ग में इशान टीम चार्जस ने सर्वाधिक गोल करके गोल्डन बूट अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त 8 वर्ष के आयु वर्ग में अनन्या रावत ने अमिंगोज, 10 वर्ष के आयु वर्ग में जयवीर सिंह टीम मिरिकल्स, 12 वर्ष के आयु वर्ग में हिमांशु कामबोज व बेस्ट गोल कीपर से नवाजा गया। सबसे अच्छा प्रर्दशन के लिए 8 वर्ष के आयु वर्ग में हर्षवर्धन राय टीम सायक्लोन, 10 वर्ष आयु में दक्ष दूबे टीम ईगल्स, 12 वर्ष के आयु वर्ग में देवांश राजपूत टीम कोकोडाल्स से सम्मानित किया गया। खेल अध्यक्ष कोकिला, व्यस्थापक सुभाष अरोरा प्रधानाध्यापिका श्रीमती इन्दिरा त्रिपाठी द्वारा इन बच्चों की प्रशंसा की गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। श्री अरोरा ने बताया कि बेबी लीग जो ऑल इण्डिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा प्रयोजित ग्राम रूट फुटबॉल को डेवलप करने का प्रोग्राम है। जिसमें भारत में विभिन्न प्रान्तों में इसका आयोजन होता है। उत्तराखण्ड में केवल अमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी रूद्रपुर द्वारा इसका आयोजन किया गया। पिछले वर्ष भी इस लीग का आयोजन किया गया था। अमेनिटी पब्लिक स्कूल में हर वर्ष गोल्डन बेबी लीग मैच का आयोजन भव्य स्तर पर किया जाता है। यह फुटबॉल खेल के प्रति बच्चों के रुझान को बढ़ाने का एक महत्त्वपूर्ण जरिया है। इसमें बच्चों को तीन समूहों में वर्गीकृत किया जाता है। जिसमें 8.10 और 12 आयु तक के बच्चे प्रतिभाग करतें है। उन्होंने बताया गोल्डन बेबी लीग निरंतर 3 माह से चल रही थी। इस वर्ष 18 फरवरी को गोल्डन बेबी लीग का समापन किया गया।




# कपकोट में एनयूजेआई पत्रकार संगठन इकाई का गठन किया

बागेश्वर(उद संवाददाता)।एनयूजेआई के जिलाअध्यक्ष गोविंद मेहता के निर्देश पर कपकोट ब्लाक एकाई का गठन हो गया है, कपकोट इकाई के गठन के लिए वरिस्ठ पत्रकार और संरक्षक गणेश उपाध्याय को निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसके बाद संरक्षक और चुनाव अधिकारी ने सभी सदस्यों की बैठक ली।बैठक में आम सहमति से शेर सिंह ऐठानी को अध्यक्ष व तनुज तिरूवा को महासचिव चुना गया। यहां लोकनिर्माण विश्राम ग्रह में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के जिला संरक्षक गणेश उपाध्याय ने दोनों को दावित्व सौंपा,वही संजय जोशी रमेश गोस्वामी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। वहीं दावित्व मिलने पर दोनों पत्रकारों ने संगठन का आभार व्यक्त किया,और संगठन हित मे एकजुट होकर कार्य करने की बात कही।वही जिलाध्यक्ष गोविन्द मेहता ने सभीनवनिर्वाचितपदाधिकारियो को बधाई देते हुए जल्द जिले की अन्य इकाइयों के गठन किए जाने की बात कही।

# कच्ची शराब समेत एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। गश्त के दौरान पुलिस ने कच्ची शराब के तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने ग्राम फिरोजपुर निवासी अमरजीत पुत्र महिपाल को संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए शक के आधार पर गिरफ्तार कर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 16 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पूछताछ के बाद पकड़े गए शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

# युवाओं ने स्वयं को नशा मुक्त रखने का लिया संकल्प

## एडवोकेट ललित मोहन जोशी ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया

खटीमा(उद संवाददाता)। प्रदेश में नशे के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चला रहे मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति उत्तराखंड के अध्यक्ष एडवोकेट ललित मोहन जोशी ने जब रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज खटीमा में इन पंक्तियों के साथ युवाओं के बीच अपने संवाद की शुरुआत कि तो पूरा स्कूल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रदेश में नशा उन्मूलन पर कार्य कर रही मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति अपने अभियान को जारी रखते हुए आज ऊधमसिंह नगर जनपद पहुँची जहां खटीमा स्थित रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ललित मोहन जोशी ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। संवाद के दौरान उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी, उन्होंने कहा कि पूरा विश्व आज भारत को युवाओं के देश के रूप में देखता है लेकिन यहाँ के कुछ युवा इम्प्रेशन जमाने, दोस्तों के साथ पार्टी मनाने या किसी अवसाद के चलते भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। जिससे वह अपना शारीरिक व मानसिक नुकसान तो कर ही रहे हैं, बल्कि अपने माता-पिता व देश का नाम भी खराब कर रहे हैं। उत्तराखंड में देहरादून, हरिद्वार व ऊधमसिंह नगर में नशा सबसे अधिक देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को कुछ जरूरी बातों को आत्मसात करने की जरूरत है, नशा मादक पदार्थों का नहीं बल्कि अच्छी शिक्षा, संगीत, राष्ट्रप्रेम का करें। जीवन में कभी भी कोई परेशानी आए तो उसे अपने माता-पिता व गुरूजनों से साझा करें, आपके माता-पिता व गुरूजन हमेशा आपको सही राह पर चलने की शिक्षा देंगे। उन्होंने कहा कि जिस देश का युवा नशे की गिरफ्त में होगा फिर उस देश के लिए एक समृद्ध राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने आगाह किया कि आज कुछ विदेशी ताकतें हमारे देश के युवाओं को नशा रूपी जाल में फँसाना चाहते हैं, जिससे कि वह हमारे देश के युवाओं को उनके लक्ष्य से भटकाकर देश की जड़ों को कमजोर कर सकें। उन्होंने बताया कि आतंकवाद को सबसे ज्यादा फंडिंग नशे के कारोबार से होती है। जाने अनजाने में नशा करने वाले युवा आतंकवाद को बढ़ावा देते है। अत: हम सब को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिये। उनके विचारों से स्कूल के युवा काफी प्रभावित हुए, इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किए और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। स्कूल की एक छात्रा ने बेहद भावुक होकर बताया कि नशे के कारण उन्होंने अपने चाचा-चाची को खोया है, जिसके चलते आज उनके छोटे-छोटे बच्चे अनाथ हो गए हैं। और उन बच्चों का लालन-पालन मेरे माता-पिता करते हैं। छात्रा ने अपने साथियों से कभी भी नशा न करने की अपील की। संवाद के अंत में छात्र- छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले युवाओं को मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। युवा संवाद कार्यक्रम में रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य बी.एस. बोरा, अध्यापक बसन्त बल्लभजोशी एवं मानवाधिकार संरक्षण समिति की टीम से मोहित बिष्ट, योगेश चिराल, हिमांशु कांडपाल, दीवान सिंह स्कूल के शिक्षक एवं कर्मचारीगण सहित 1000 से अधिक छात्र-छात्राएँ शामिल रहे।





# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी नगर निगम के यूजर्स चार्ज की वसूली

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा किया जाने वाला डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के यूजर्स चार्ज का जिम्मा अब महिला स्वयं सहायता समूह संभालेगा। समूह की 89 महिलाओं को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बता दें अब तक कूड़ा कलेक्शन के यूजर्स चार्ज का कलेक्शन अनुबंधित फर्म द्वारा ही किया जाता था। अब ये काम महिला स्वयं सहायता समूह संभालेगा। नगर निगम ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए महानगर को दो जोन में बांटा गया है। दोनों जोनों में यूजर्स चार्ज वसूलने के लिए नगर निगम के महिला स्वयं सहायता समूहों में से 89 महिलाओं का चयन कर नारी शक्ति सेना के नाम से एक महिला समूह बनाया गया है। यह समूह अब घर घर जाकर यूजर्स चार्ज वसूल करेगा। साथ ही कूड़ा कलेक्शन में आ रही दिक्कतों का समाधान भी करवायेगा। नारी शक्ति सेना के लिए चयनित की गयी महिलाओं को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में प्रशिक्षण दिया गया और इसके बाद मेयर रामपाल सिंह, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त तथा मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने संयुक्त रूप से महिलाओं को आईडी कार्ड वितरित किये। इस दौरान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि महिलाओं को आत्म निर्भर और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए नगर निगम ने यूजर्स चार्ज वसूलने की जिम्मेवारी सौंपी है। यूजर्स चार्ज वसूली के लिए समूह को 25 प्रतिशत का भुगतान किया जायेगा। उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि महिलाएं पुरूषों की तरह हर क्षेत्र में आगे बढ़ें। मेयर ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम स्तर से हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने शहरवासियों से भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सहयोग की अपील की है। स अवसर पर जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए सराहनीय पहल की गई है। उन्होंने कहा कि यूजर चार्जेज वसूलने के साथ-साथ जनता को गीला एवं सूखा कूड़ा निस्तारण आदि के बारे में भी विशेष तौर पर जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हर घर से कूड़ा उठाया जाये तथा कूड़ा कलैक्शन के समबन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तुरन्त कार्यवाही की जाये। इस दौरान कोषाधिकारी जुबक मोहन सक्सेना, एसएनए राजू नबियाल सहित अन्य अधिकारी व महिलाएं उपस्थित थी।





# ऑपरेशन कामधेनु के तहत पुलिस ने पशुपालकों को किया जागरूक

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर ऑपरेशन कामधेनु को जनपद स्तर पर सफल बनाने के लिए सभी सीओ व थाना प्रभारियों ने मुहिम चलाई है। सीओ ऑपरेशन ओशिन जोशी के पर्यवेक्षण में लमगड़ा पुलिस द्वारा आवारा पशुओं की देखरेख व उचित पालन पोषण हेतु वर्तमान में प्रचलित ऑपरेशन कामधेनु के सम्बन्ध में लोगों को जागरुक करने हेतु थाना चौकी क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरुक किया गया तथा इस दौरान पशु स्वामियों द्वारा अपने 2 पालतु पशुओं की टैगिंग नही करायी गयी



थी, जिनको पशु अस्पताल जैंती के वैक्सीनेटर कैलाश सिंह की मदद से टैग लगाये गये। लमगड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्रवासियों से अपील की गयी कि मानवता के नाते अपने पशुओं को सड़कों पर आवारा न छोड़ें, आवारा छोड़े गये पशु वाहन चालकों के लिए सड़क दुर्घटना का कारण भी बन सकते है इसलिए अपने पशुओं को गौशालाओं में ही रखकर पालन पोषण करें, अपने पशुओं को आवारा छोड़ने वाले सम्बन्धित पशु स्वामियों के विरुद्ध उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम- 2007 एवं गोवंश संरक्षण (संशोधन) अधिनियम- 2015 के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# उत्तर प्रदेश से खोया हुआ व्यक्ति नैना देवी मंदिर में मिला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गुम हुए व्यक्ति को खोजकर उसे परिजनों से मिलाकर एक बार फिर खाकी का फर्ज निभाया है। जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय बंटी पुत्र सोहन लाल शर्मा निवासी ग्राम धरमपुर पोस्ट भैसोडी थाना मिलक जिला रामपुर अपने घर से नाराज होकर बिना बताये थाना काठगोदाम क्षेत्रान्तर्गत भीमताल तिराह से आगे नैना देवी मंदिर में आकर रहने लगा। जगह का ज्ञान ना होने के कारण नाराजगी दूर होने पर भी अपने परिवार से नही मिल पा रहा था। प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त करते भीमताल तिराहा से आगे नैनादेवी मंदिर पर पहुंचे तो उन्हें मंदिर परिसर में एक अन्जान व्यक्ति मिला जो किसी उम्मीद से पुलिस तरफ बार-बार देख रहा था। वह किसी असमंजस की स्थिति में लग रहा था। थानाध्यक्ष ने उक्त युवक से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह अपने घर से नाराज होकर घूमते-घूमते हल्द्वानी यहां मंदिर पर पहुंच गया और वह तीन दिन से मंदिर में ही है। मंदिर परिसर के जंगल क्षेत्र में स्थित होने के कारण उस व्यक्ति को जगली जानवरों से सुरक्षा करने हेतु थाना लाया गया। युवक से उसके घर की पूरी जानकारी ली गयी एवं उसके परिवार का दूरभाषा नम्बर लेकर उसके परिवारजनों से सम्पर्क कर उसकी सकुशल होने की सूचना दी गयी। उसके परिवारजनों ने बताया कि उसका भाई विशाल शर्मा जो रुद्रपुर सिडकुल में कार्य करता है तथा जल्द उसे लेने वह थाना काठगोदाम पहुंच जायेगा। भाई विशाल के थाना काठगोदाम पहुंचाने पर बताया कि वह घर से बिना किसी कारण के चला गया था हम लोगों द्वारा इसकी काफी ढूढ-खोज की गयी तथा कहीं नही मिला। थानाध्यक्ष ने बंटी को घर से बिना बताया या किसी भी अकारण घर से नही निकलने के सम्बन्ध में काउंसिलिंग की तथा उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया।



# राज्य स्तरीय यूथ एथलेटिक्स में होली चाइल्ड की छात्रा ने जीता स्वर्ण पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।दो दिवसीय द्वितीय उत्तराखण्ड राज्य यूथ (अण्डर- 18) एथलेटिक्स प्रतियोगिता 18 व 19 फरवरी को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, देहरादून में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज के प्रधानाचार्य राजेश मंगाई के कर कमलों द्वारा किया गया। राज्य स्तरीय अण्डर-18 एथलेटिक्स यूथ प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल की छात्रा शगुन सिंह ने लम्बी कूद में 4.95 मी. की जम्प लगाकर स्वर्ण पदक अर्जित कर अपने माता-पिता, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। उत्तराखण्ड एथलेटिक्स संघ के सचिव के. जे. एस. कलसी ने बताया कि इस प्रतियोगिता से जो एथलीट एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के मानकों को पूरा करेगा उन एथलीटों का चयन उत्तराखण्ड एथलेटिक्स संघ के चयनकर्ता अध्यक्ष विजेन्द्र चौधरी द्वारा 10 से 12 मार्च को उडुपी (कर्नाटक) में होने वाली 18वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इस उपलब्धि पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आर. के. बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एम. डी. श्रीमति पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी, कोआर्डिनेटर श्रीमति मंजू अधिकारी, फिजिकल एजुकेशन शिक्षक व कोच-सुधाकर सिंह, शिवम सिन्हा, समस्त शिक्षक वर्ग, उत्तराखण्ड एथलेटिक सेलेक्शन कमेटी के चेयरमैन विजेन्द्र चौधरी, सचिव के.जे.एस. कलसी, अध्यक्ष संदीप शर्मा, सरफराज हुसैन तथा उत्तराखण्ड ओलम्पिक संघ के सचिव डा. डी. के. सिंह ने शगुन सिंह को बधाई दी व उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# भाजपा ग्रामीण मण्डल कार्यसमिति संपन्न

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्रामीण मण्डल एक दिवसीय कार्यसमिति का आयोजन खानपुर के दुर्गा मन्दिर होल में आयोजित हुई। कार्यसमिति में पहुँचे विधायक शिव अरोरा का स्थानीय कार्यकताओं द्वारा स्वागत अभिनदंन हुआ। वही उद्घाटन सत्र का शुभारंभ दीप प्रजलन ओर वन्दे मातरम गीत से हुआ। उद्धघाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा भाजपा की कार्यपद्धति सदैव कार्यकताओ के कौशल और प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ता को उभारने का कार्य करती है। भारतीय जनता पार्टी में कार्यसमिति एक चिंतन मंथन का वर्ग होता है जिसमे भाजपा अपनी रीति नीति और आगामी होने वाले कार्यो पर मंथन करती है। वही विधायक ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि पार्टी द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है उसको पूरा करते हुए हम सभी बूथ पन्ना तक कि योजना के कार्य को पूर्ण करें। वही कार्यसमिति में मुख्य वक्ता नेत्रपाल मौर्य ने भी कार्यकर्ता को अपना उद्बोधन देते हुए कहा यह वर्ष काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है जहां लोकसभा और निकाय को लेकर पार्टी लगातार योजना रचना बनने का कार्य कर रही है और हर निश्चित रूप से आप सभी के दम पर भाजपा जीत हासिल करेगी। वही कार्यसमिति में जोशीमठ रिपोर्ट जी 20 की भारत को मिली अध्यक्षता सहित राजैतिक प्रस्ताव पर चर्चा हुई । कार्यसमिति का समापन मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट द्वारा किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारग, मण्डल महामंत्री जगदीश विश्वास, आयुष चिल्लाना, सुब्रत बछाड, मनमोहन वाधवा, जगजीत सिंह, मनदीप वर्मा, राजीव शुक्ला, बीना कोर, मण्डल प्रभारी शालनी बोरा , नीरज यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# जाते जाते दो लोगों को नेत्र ज्योति दे गई शांति देवी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंदिरा कॉलोनी गली नंबर 4 निवासी राजेंद्र जुनेजा एवं हरीश जुनेजा की माताजी शांति देवी का निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। भारत विकास परिषद शाखा रुद्रपुर द्वारा संपर्क करने पर परिवार द्वारा नेत्रदान के लिए अपनी सहमति दी गयी। मुरादाबाद के सी एल गुप्ता नेत्र चिकित्सालय की टीम द्वारा नेत्रदान का यह पुण्य कार्य करवाया गया। नेत्रदान के समय भारत विकास परिषद शाखा रुद्रपुर के अध्यक्ष दीपक अरोरा, परिवार से श्री राजेंद्र जुनेजा हरीश जुनेजा सीमा , सतपाल राजेंद्र अरोरा जी एवं परिवार के अन्य लोग, आदि उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद ने नेत्रदाता परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया। कहा कि स्वर्गीया माता जी के नेत्रों से दो लोगों को नेत्र ज्योति मिल सकेगी। नेत्र दान करके माता जी हमेशा के लिए अमर हो गईं।



ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजित

## भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा रूद्रपुर द्वारा शिव शक्ति मंदिर आवास विकास में आयोजित किया गया शिविर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा रूद्रपुर द्वारा शिव शक्ति मंदिर आवास विकास में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के माध्यम से कुल 43 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का शुभारंभ भारत विकास परिषद के रूद्रपुर नगर के समन्वयक सीए हरनाम चौधरी, रुद्रपुर नगर निगम के महापौर रामपाल सिंह, शिव शक्ति मन्दिर आवास विकास कमेटी के पवन वर्मा, अभय गोयल तथा राजेश जग्गा एवं ब्लड बैंक के जवाहर चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानन्द तथा भारत माता के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन तथा पुष्पार्चन कर किया गया। विवेकानन्द शाखा के सचिव हरीश ग्रोवर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत विकास परिषद की सभी शाखाओं के द्वारा पूरे देश में नियमित रूप से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, विवेकानन्द शाखा द्वारा भी वर्ष में 2 से 3 शिविरों के आयोजन का प्रयास किया जाता है, पिछले सप्ताह ब्लड बैंक में विभिन्न रक्त समूहों की कमी के बारे में सूचना प्राप्त होने पर इस शिविर के आयोजन का निर्णय किया गया, और राजकीय ब्लड बैंक के सहयोग से भारत विकास परिषद, विवेकानन्द शाखा रूद्रपुर द्वारा इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में 5 महिला रक्तदाताओं ने भी रक्तदान किया तथा 4 रक्तदाता ऐसे हैं जिन्होंने जीवन में प्रथम बार रक्तदान किया है। इन्हें भारत विकास परिषद की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। विवेकानन्द शाखा के रक्तदान संयोजक अंशुल गोयल द्वारा बताया गया कि विवेकानन्द शाखा द्वारा रक्तदान के माध्यम से सेवा करने का अभियान प्रारम्भ से ही चलाया जा रहा है। शाखा के सदस्य आकस्मिक रूप से जरूरत पड़ने पर रक्तदाताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने का प्रयास करते हैं। भारत विकास परिषद के प्रान्तीय प्रकल्प संयोजक (रक्तदान) संजय राधू ने लोगों से समाज में रक्तदान के संबंध में फैली भ्रांतियों को दूर कर लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करने का प्रयास करने और अपने जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर रक्तदान का प्रण लेने का आहवान किया, क्योंकि आपके रक्तदान से किसी का वंश बचाया जा सकता है। आज के शिविर में शाखा अध्यक्ष संजय खेड़ा, सदस्य स्नेह राध, अंजू सिंह, ज्योति सुखीजा, आस्था तनेजा, वीरेन्द्र सुखीजा, विमल अरोरा, अभि अग्रवाल, हेमेंद्र गंगवार, शीशपाल सिंह, प्रतीक तुलस्यान, मनीष अग्रवाल, प्रणव गोयल, मोहित तनेजा, कपिल अरोरा, राजेश छाबड़ा, डॉ पवन कक्कड़, सौरभ अग्रवाल, राजेन्द्र झाम राजकीय ब्लड बैंक के जितेन्द्र सिंह, विवेक चौहान, मधु गुप्ता, सतीश यादव, अभिषेक तथा नितेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।










# खामियां मिलने पर कई स्टोन क्रेशरों को बंद करने के निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।जनपद में अवैध खनन पर पूर्णत: अंकुश लगाने की दिशा में जिलाधिकारी युगल किशोर पंत पूरी गंभीरता से कार्यवाही कर रहे हैं। इसकी बानगी एकबार पुन: देखने को मिली जब अवैध खनन की सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने संयुक्त जांच दल का गठन किया। जिलाधिकारी ने खनन क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच हेतु उप जिलाधिकारी बाजपुर तथा उप निदेशक खनन द्वारा जांच की गई। संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को शिवा स्टोन क्रेशर, आसा स्टोन क्रेशर, एलएससी गोबरा, राघव नेचुरल्स, बालाजी कॉन्ट्रैक्टर, फतह स्टोन क्रेशर, सिंह मिनरल्स गऊ घाट, बांके बिहारी स्टोन क्रेशर की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग की जांच की गई। जांच में पाया गया की अधिकांशत: के द्वारा रात्रि 12 बजे से प्रात: 6 बजे तक खनिज क्रय किए गए हैं जोकि अवैध की श्रेणी में है। जिलाधिकारी ने संयुक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर इन सभी स्टोन क्रेशर को अग्रिम आदेशों तक, तत्काल बंद करने के निर्देश दिए।



# नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों का विधायक ने किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय उत्तरी मण्डल ओर दक्षिणी मण्डल के नवनियुक्त मोर्चा के अध्यक्षों का स्वागत कार्यक्रम किया। विधायक शिव अरोरा ने सभी मोर्चे के अध्यक्षो को फूलमालाओं के साथ स्वागत कर उनको नये दायित्व की शुभकामनाएं दी। दायित्व पाने वालों में उत्तरी मण्डल से युवा मोर्चा अध्यक्ष पर गोविंद शर्मा, ओबीसी पर भूपराम लोधी, महिला मोर्चा पर माही सकलानी, अनुसूचित पर मदन दिवाकर, किसान पर जगसोरन मलिक, अल्पसंख्यक पर एजाज आलम एव दक्षिणी मण्डल से युवा मोर्चा अध्यक्ष नमन चावला, ओबीसी चंद्रपाल, अनुसूचित विक्की वाल्मीकि, महिला से अंजिली नेगी, किसान से हरपाल चावला, अल्पसंख्यक से तरतींन अहमद को मोर्चा अध्यक्ष बनाया गया। विधायक शिव अरोरा ने सभी को नये दायित्व की शुभकामनाएं दी और कहा पार्टी संगठन द्वारा आपको जो जिम्मेदारी दी है उसको पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का काम करेगे। विधायक शिव अरोरा ने कहा भाजपा में हर कार्यकता का सम्मान किया जाता है और हमारी पार्टी में कई उदाहरण है जो सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता देश के सर्वोच्च पदों पर अपनी सेवा दे रहे हैं। विधायक शिव अरोरा ने सभी से कहा कि आने वाले लोकसभा और निकाय चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकत्ता अपनी कमर कस ले और केंद्र एव राज्य सरकार की योजनाओं को घर घर तक पहुचाने का कार्य करे। वही इस दौरान उत्तरी मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता दक्षिणी अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, परवेज खान, राजेश जग्गा, राधेश शर्मा, महेन्द्री शर्मा, अनिता बरेठा, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, योगेश वर्मा, अरुण अरोरा, गिरीश पाल, मुकेश पाल, विजय डे, दीपक दिवाकर, गिरीश राठौर, प्रमोद साहनी, जुल्फिकार, डंम्पी चोपड़ा, देव मनन व अन्य लोग मौजूद रहे।



# विहिप, बजरंग दल ने बालिका को लव जिहाद में फंसने से बचाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दोपहर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक सूचना पर हिंदू बालिका को लव जिहाद में फंसने से बचाकर आरोपी युवक को पुलिस के सुपुर्द कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। मिली जानकारी के अनुसार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि झील में विशेष समुदाय का युवक नाबालिग हिंदू बालिका को लेकर गया है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर उस युवक को पकड़ लिया। जब उक्त युवक से उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम अक्षय बताया। कार्यकर्ताओं को विश्वास नहीं होने पर उसका आधार कार्ड देखा, जिसमें वह युवक विशेष समुदाय का निकला। कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया और उसके खिलाफ मुकदमा लिखवाया। इस दौरान जोगेंद्र सिंह चौहान नगर मंत्री विश्व हिंदू परिषद, सुधीर देवल, संदीप वाल्मीकि, मुकेश चौहान, शुभम पाल, वीरेंद्र यादव, सुल्तान सिंह, पिंटू पाल आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सारथी फाउंडेशन का होली महोत्सव चार मार्च को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 4 मार्च दिन शनिवार को होली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिभागी टीमों द्वारा होली कार्यक्रम किया जाएगा। यह जानकारी देते अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम के लिए सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा श्रीमती दीक्षा पंत पांडे को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया है। संस्थापक संयोजक नवीन पन्त ने बताया कि कार्यक्रम श्री श्री गणपति बैंकेट होल नियर सेक्रेट हार्ट स्कूल में होगा। उन्होंने बताया कि होली महोत्सव कार्यक्रम थीम आधारित होगा। समन्वयक ज्ञानेंद्र जोशी ने बताया है कि होली महोत्सव के लिए जो भी टीमे प्रतिभाग करना चाहती है। वह संस्था की होली महोत्सव संयोजक दीक्षा पंत पांडे के माध्यम से नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन जरूर करा लें।



# केंद्र सरकार विकास कार्यों के लिए कर रही धन वर्षा: त्रिवेन्द्र

## पूर्व सीएम ने युवाओं पर देहरादून में हुए लाठीचार्ज के लिए माफी मांगी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य के विकास के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। कहा कि टनकपुर- बागेश्वर रेल लाइन के लिए केंद्र ने मंजूरी दे दी है। रेलवे प्रोजेक्ट में समय लगना लाजमी है। उन्होंने युवाओं पर देहरादून में हुए लाठीचार्ज के लिए माफी मांगी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के राज्य में वापसी को बताया कि उनके द्वारा युवाओं को हमेशा मौका दिया जाता रहा है। यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य के विकास के लिए गंभीर है। प्रदेश को पहली बार विकास के लिए साढ़े सोलह हजार करोड़ रूपया चार धाम यात्रा के लिए मिला है।इसके अलावा अन्य विकास कार्यों के लिए पृथक से मिला है। जो कि इतिहास में पहली बार हुआ है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास आगामी लोकसभा के लिए कोई मुददा नहीं है जिससे वह आधारहीन बयानबाजी कर रहे हैं। नकल विरोधी कानून की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व में नकल कराने के मामले में जो जो अधिकारी या अन्य दोषी पाए जा रहे हैं उनके खिलाफ सरकार कार्रवाई कर रही है। भगतदा के राज्य वापसी में आने पर उन्होंने कहा कि भगत दा ने स्वेच्छा से राज्यपाल का पद छोड़ा है उन्होंने हमेशा युवाओं को मौका दिया है। आगे भी उनका मार्गदर्शन भाजपा को मिलते रहेगा। युवाओं पर हुए लाठीचार्ज के सवाल पर उन्होंने दोहराया कि ऐसा नहीं होना था तथा अब इस मुददे पर माफी मांगने के अलावा कुछ नहीं रह गया है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम शाही, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, गजराज बिष्ट, पूर्व विधायक शेर सिंह गड़िया, महामंत्री संजय परिहार, मनोज ओली, मनोज बचखेती आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इससे पूर्व पूर्व सीएम ने बाबा बागनाथ मंदिर जाकर पूजा अर्चना की तथा कार्यकर्ताओं की बैठक ली तथा लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटने का आहवान किया। पूर्व सीएम के यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने जनपद भ्रमण के दौरान कार्यक्रमों से निपटने के बाद पूर्व सीएम भाजपा के चमोली जिला प्रभारी एडवोकेट कुंदन परिहार के खोली स्थित घर गए उन्होंने उनके पिता के निधन पर दुख व्यक्त किया। पूर्व सीएम अपने समर्थकों के साथ कुंदन परिहार के घर पहुंचे तथा उनके परिजनों से मुलाकात की।




# घर से भागकर दिल्ली के लिए निकली बालिका को किया बरामद

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। थाना चौखुटिया में सूचना प्राप्त हुई कि चौखुटिया निवासी एक नाबालिग बालिका घर से नाराज होकर रात्रि में कहीं चली गई है। थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार ने नाबालिग बालिका की गुमशुदगी के मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका की खोजबीन प्रारम्भ करते हुए लोगों से पूछताछ और आने-जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की गयी सघन चेंकिग के दौरान दिल्ली जाने वाली बस से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कियागया। पूछताछ पर बालिका ने बताया कि वह अपने परिजनों से नाराज होकर दिल्ली जाने के लिए बस में बैठी थी, जिसे समझाकर बुझाकर अपने संरक्षण में थाने लाया गया । बालिका को उचित काउंसलिंग के उपरांत उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। नाबालिग बालिका के घर से नाराज होकर गायब होने पर परिजन काफी परेशान थे अपनी बेटी को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा कर आभार व्यक्त किया।पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार, हे0कानि0 प्रदीप रौतेला, रजनीश वर्मा, महिला कांस्टेबल पार्वती रावत आदि शामिल थे।



उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अपराधों से बच्चों का संरक्षण

अपराधों के शिकार बहुत सारे बच्चे और उनके परिजन इंसाफ के आस में बैठे हैं।किसी भी देश और समाज में अपराधों पर काबू पाने की कड़ी व्यवस्था के बावजूद अगर आपराधिक घटनाओं पर लगाम नहीं लग पाती, तो यह सरकार और तंत्र की नाकामी का ही सबूत है। मगर इसमें भी अगर बच्चों के खिलाफ न सिर्फ अपराध की घटनाएं लगातार जारी हों, बल्कि उनमें न्याय मिलने की दर भी काफी धीमी हो तो यह एक बेहद अफसोसनाक स्थिति है।हमारे देश में बच्चों के बहुस्तरीय उत्पीड़न और उनके यौन शोषण जैसे अपराधों की रोकथाम में जब पहले के कानूनी प्रावधान नाकाफी साबित हुए, तब पाक्सो यानी यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम जैसी विशेष व्यवस्था की गई। मगर आज भी हालत यह है कि इस कानून के तहत परिभाषित अपराधों के शिकार बहुत सारे बच्चे और उनके परिजन इंसाफ के आस में बैठे हैं। सवाल है कि बच्चों को जघन्य अपराधों से बचाने और न्याय दिलाने के लिए विशेष तंत्र गठित किए जाने के बावजूद ऐसे मामलों की सुनवाई या इस पर फैसला आने की रफ्तार इस कदर धीमी क्यों है?गौरतलब है कि हाल में संसद में सरकार ने यह जानकारी दी है कि देशभर में बच्चों के खिलाफ अपराध की धाराओं के तहत दर्ज पचास हजार से ज्यादा मामलों में बच्चों को न्याय का इंतजार है। ये वे मामले हैं, जो एक साल के भीतर दर्ज किए गए हैं। जहां कम से कम दर्ज मामलों को ही निर्धारित या फिर जल्दी निपटाने और न्याय की व्यवस्था होनी चाहिए थी, वहीं अब केंद्र सरकार इससे संबंधित मुकदमों को अंजाम तक पहुंचाने के लिए समय को तीन वर्ष और बढ़ाने की तैयारी कर रही है। खुद कानून मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल तक यौन अपराध के लंबित मामलों में उत्तर प्रदेश अव्वल है, जहां अकेले बाल यौन शोषण के अड़सठ हजार दो सौ अड़तीस मामले विचाराधीन हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि केंद्रशासित प्रदेश और राज्यों के पास कुल एक लाख अट्ठानबे हजार दो सौ आठ मामले लंबित पड़े थे, जिनमें से सरकारी एजंसियों ने कुल चौंसठ हजार नौ हजार उनसठ का निपटारा किया है। यह तब है जब इस प्रकार के मुकदमों की सुनवाई और फैसले के लिए सात सौ अड़सठ त्वरित विशेष अदालतों का गठन किया गया है, जिनके तहत चार सौ अठारह विशिष्ट पाक्सो न्यायालय मौजूद हैं। यही नहीं, पाक्सो के तहत दर्ज मामले में त्वरित सुनवाई और सजा दिलाने के लिए दो महीने की समय सीमा भी तय की गई है। मगर व्यवस्था के बरक्स हकीकत बहुत अलग है।यह छिपा नहीं है कि यौन शोषण और इस प्रकृति के अन्य उत्पीड़न के लिहाज से बच्चे हर जगह और हर वक्त किस स्तर के जोखिम से गुजरते हैं। घर के बाहर से लेकर दहलीज के भीतर भी कई स्तरों पर उन्हें यौन उत्पीड़न और शोषण को झेलना पड़ता है। सामाजिक आग्रह और सोचने-समझने के सलीके इस कदर तंगनजरी के शिकार हैं कि कई बार आरोपी व्यक्ति के अपने परिवार या पड़ोसी होने की वजह से मामलों को दबा दिया जाता है। कहा जा सकता है कि एक ओर समाज में परंपरागत मानस और रूढ़ धारणाओं की वजह से तो दूसरी ओर सरकारी और न्यायिक तंत्र की जटिल व्यवस्था के चलते बच्चों को अपने खिलाफ होने वाले यौन अपराधों से उपजी जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि शोषण के चक्र में पिसते और इंसाफ से वंचित बच्चों से जैसी पीढ़ी तैयार होगी, वह किसी भी समाज और देश के हित में नहीं होगी।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री उत्थान योजना आरंभ की जाएगी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से मेले में उपस्थित जनों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पांच विषयों के चयनित सहायक अध्यापकों (एलटी) को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र और उत्तराखण्ड सरकार का सतत प्रयास है कि आगे बढ़ने के लिये सही माध्यम को सुगम्य बनाने के क्रम में हर युवा को उसकी रुचि के अनुसार नए अवसर मिलें। सरकारी सेवाओं में बहाली अभियान भी इसी दिशा में की जाने वाली पहल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लाखों युवाओं को पिछले कुछ महीनों में केंद्र सरकार से नियुक्ति पत्र मिले हैं और इस बात पर प्रसन्नता भी व्यक्त की, कि उत्तराखण्ड इसका हिस्सा बन रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे बहाली अभियान देशभर में भाजपा-शासित प्रदेशों तथा केंद्र शासित प्रदेशों मे बड़े पैमाने पर चल रहे हैं। शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 1431 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। मुख्य सेवक सदन में 150 सहायक अध्यापकों



को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। मुख्यमंत्री ने प्रेरणादायी संबोधन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री का देवभूमि उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव है। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि राज्य में मुख्यमंत्री उत्थान योजना एवं ज्ञानकोष योजना शुरू की जायेगी। राज्य में छात्रों को आई.ए.एस., आई.पी.एस., पी.सी.एस., एन.डी.ए, सी.डी.एस., मेडिकल एवं इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री उत्थान योजना आरंभ की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, इसके लिए अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी द्वारा प्रत्येक 15 दिन में समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिन भर्तियों में अनियमिताएं पाई गई हैं, उन पर भी पूरी ईमानदारी के साथ कार्रवाई की जा रही है। इसी का नतीजा है कि आज नकल माफिया और उसे समर्थन देने वाले या आगे बढ़ाने वाले लोग बहुत परेशान हैं, क्योंकि उन्हें अब दिन में भी स्वयं के जेल जाने के सपने दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नौजवानों के हितों की किसी भी रूप में अनदेखी नहीं होने दी जाएगी और जो भी दोषी होगा उसको बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने भर्ती परीक्षाओं के लिये प्रदेश में कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा श्रीमती सीमा जौनसारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम की पहल से हाईटेक बनेगा पुस्तकालय

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल सरकारी नौकरियों विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओ के लिए पुस्तकालय को हाईटेक बनाने की तैयारी करवा रही है, डीएम की युवाओं के कैरियर सुधारने, पुस्तिकाओं के अभाव में परीक्षाओं से वंचित रहने वाले युवाओं को सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए सहयोग प्रदान कर रही है, डीएम अनुराधा पाल ने राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया पुस्तकालय के ऊपर 50 बच्चों के पठन-पाठन हेतु फेब्रीकेटेड हॉल, प्रतियोगी पुस्तकें व उचित विद्युत व्यवस्था करने के निर्देश दिए। ग्रामीण निर्माण विभाग के ईई को इसका आंगणन प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।डीएम ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, शिक्षित युवाओं से ही स्वस्थ व शिक्षित समाज का निर्माण होता है, इसलिए युवाओं के



पठन-पाठन में शिक्षाप्रद, रुचिकर पुस्तकों के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा पुस्तकें पुस्कालय में होनी चाहिए। प्रकाश व्यवस्था भी अच्छी होनी चाहिए, तांकि युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पुस्तकालय का लाभ उठाकर सफलता प्राप्त कर सकें। पुस्तकालयाध्यक्ष भुबन चंद्र जोशी ने बताया कि लाइब्रेरी के दोनों मंजिलों में 50-50 बच्चों के बैठने की व्यवस्था है। बच्चों के पठन-पाठन हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ ही विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध है। बच्चों द्वारा कुछ नए पुस्तकों की सूची भी उपलब्ध कराई हैं, जिन्हें मंगवाया जाना है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में आजीवन सदस्यता शुल्क 200 रुपये रखा गया है।पुस्तकालय सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक खुलता है। इसमें सात दैनिक सामाचार पत्र भी लगवाए गए हैं। जिलाधिकारी ने बच्चों द्वारा दी गई पुस्तकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुस्तकालय में विभिन्न ज्ञानवर्द्धक नक्शे व चार्ट लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी की सुरक्षा दीवार की उचित सफाई व्यवस्था कराने के निर्देश भी मौके पर दिए। निरीक्षण के दौरान ईई ग्रामीण निर्माण विभाग रमेश चंद्रा, सहायक अभियंता सुनील दत्ताल मौजूद थे।

# धार्मिक दीवान में किया अमृतपान

गदरपुर (उद संवाददाता)।गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में पंजाब के नगर मोगा से आए प्रभ मिलने का चाओ मिशन के सदस्यों द्वारा नामस्मरण के भेद और नामस्मरण के लाभ सहित अन्य रहस्यमई भेदों को संगत के साथ सांझा करते हुए गुरु वाले बनने का आह्वान किया वहीं उत्तराखंड सिख मिशन के पंच प्यारों द्वारा 17 को गुरु वाले बनने के लिए अमृत पान करवाया। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में सोमवती अमावस के मौके पर सजाए गए भारी दीवान मैं भाई सेवा सिंह तरमाला द्वारा आरंभ की गई संस्था 'प्रभु मिलने का चाओ' मिशन के भाई दलबीर सिंह द्वारा नाम सिमरन करवाते हुए संगत से श्री गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी का जाप करने और गुरु की शिक्षाओं को आत्मसात करने का आह्वान किया। वही ढाडी भाई निर्मल सिंह के जत्थे ने



शहीदों का इतिहास श्रवण कराया स रागी दिलप्रीत सिंह और भाई हरजीत सिंह के जत्थे ने ष्प्रभ मिल्ने का चाओ , गुरु गुरु कर मन मोर एवं आनंद भया मेरी माए, सतगुरु मैं पाया सहित अन्य शब्दों का गायन कर संगत को भावविभोर कर दिया। भाई जसवीर सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई स बाबा अनूप सिंह ने वर्तमान समय में गुरु के दर्शाए मार्ग पर चलकर अपना जीवन व्यतीत करने की अपील की। उन्होंने सभी संगत का आह्वान किया कि इंसाफ मोर्चा द्वारा जो बंदी सिंघो की रिहाई के लिए आंदोलन का आगाज मोहाली चंडीगढ़ में किया जा रहा है। सभी उसमें समय-समय पर सहभागिता कर अपना योगदान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सजा पूरी होने के बावजूद बंदियों को रिहा न किया जाना सरकार की दबंगई दर्शाता है इससे सरकार की नाइंसाफी की भावना से सैकड़ों परिवार मायूस हो रहे हैं । इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहब को नमन करने के साथ पवित्र सरोवर में स्नान तथा गुरु का लंगर प्रसाद ग्रहण किया वही मीरी पीरी खालसा अकैडमी के बच्चों द्वारा भी सेवा कार्य करते हुए अपना योगदान प्रदान किया।

# ऑनलाइन पंजीकरण के लिए खुला पोर्टल

देहरादून (उद संवाददाता)। चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के आज से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गए हैं। पर्यटन विभाग का पोर्टल सुबह सात बजे खुल गया है। गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि की औपचारिक घोषणा होने तक तीर्थयात्री बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के लिए पंजीकरण करा सकेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को होने वाली चारधाम यात्रा तैयारियों की समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। पिछले साल चारधामों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस बार दर्शन के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या को बढ़ाने का फैसला हो सकता है। हालांकि पर्यटन विभाग ने पिछली यात्रा के अनुभव के आधार पर केदारनाथ धाम के लिए प्रतिदिन 15 हजार, बदरीनाथ के लिए 18 हजार, गंगोत्री के लिए 9000, यमुनोत्री के लिए 6000 संख्या तय करने का प्रस्ताव बनाया है। इस पर बैठक में फैसला लिया जाएगा। इसके अलावा चारधाम यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सुविधा, केदारनाथ धाम में यात्रियों के ठहरने, बदरीनाथ व केदारनाथ धाम में वीआईपी दर्शन के लिए शुल्क तय करने, बसों का प्रबंधन, घोड़ा खच्चरों का स्वास्थ्य परीक्षण करने, पैदल मार्गों पर गरम पानी की व्यवस्था, शेड, बिजली व पेयजल की आपूर्ति, सड़कों की मरम्मत समेत कई व्यवस्थाओं पर निर्णय लिया जाएगा। चारधाम यात्रा के लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट registrationand touristcare-uk-gov-in] व्हाट्सअप नंबर 8394833833, टोल फ्री नंबर 1364 के जरिये आनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है।

# जनता दरबार में सुनीं जन समस्याएं

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिलेवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार को जिलाधि कारी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है,डीएम अनुराध ा पाल द्वारा वही जनता दरबार मे फरियादियों की संख्या भी अब घटने लगी है,लोगो की समस्या सुनकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है,सोमवार कोजिलाधिकारी के दरबार में नहीं होने का असर भी दरबार में दिखा। इस बार जनता दरबार में पहले की अपेक्षा कम शिकायतें दर्ज हुई। 14 ग्रामीण विभिन्न समस्याओं को लेकर आए, जबकि पिछले तीन सोमवारों में 25 से 32 लोग पहुंचे। अपर जिलाधिकारी ने समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार पर अपर जिलाधि कारी इंद्र सिंह इमलाल की अध्यक्षता में




जनता दरबार आयोजित हुआ। उन्होंने कहा जन समस्याओं का त्वरित निराकरण अधिकारियों की जिम्मेदारी है। आम जनता को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बार-बार जिला मुख्यालय तक नहीं आना पड़े। पुरड़ा, गागरीगोल निवासी सुंदर राम ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना की दिक्कतें बताई। मोहन सिंह ने लंबित बिलों का भुगतान नहीं होने की शिकायत की। ग्राम प्रधान मझेड़ा मुन्नी देवी ने प्रधानाध्यापक का अन्यत्र स्थानांतरण कराने की मांग की। शीशाखानी निवासी खीम सिंह ने आवाास मांगा। कांडे निवासी नंदन सिंह कनवाल ने दफौट मोटर मार्ग पर क्षतिग्रसत दीवार से आवासीय घरों को खतरा बताया। कांडा से आई सविता नगरकोटी ने भंडारी ग्वल देवता मंदिर तक डामरीकरण कराने की मांग की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, महाप्रबंधक उद्योग जीपी दुर्गापाल समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# किच्छा में फिर खुला अनुपम सिनेमा

किच्छा (उद संवाददाता)। कोरोना महामारी के बाद मंदी की मार झेल रहे किच्छा का बाजार एक बार फिर से गुलजार हो रहा है। लगभग दो साल से बंद पड़े अनुपम सिने प्लेक्स को आम जनता के लिए पुन: खोल दिया




गया। कोरोना के साथ साथ ही अनुपम सिने प्लेक्स को अग्नि कांड का भी सामना करना पड़ा था। सिने प्लेक्स के खुल जाने के कारण सिनेमा प्रेमियों में खुशी देखी गई। सिने प्लेक्स के स्वामी संजीव चौधरी ने बताया कि हाल को नई साज सज्जा, डिजिटल लुक साथ खोला गया है।

# सभी विभाग विकास योजनाओं में लायें तेजी: अजय टम्टा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सभी विभाग आपसी सामजंस्य स्थापित कर केन्द्र की विकास योजनाओं की गति में तेजी लायें। यह बात विकासभवन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद अजय टम्टा ने अध्यक्षता करते हुए कही। इस दौरान सांसद ने जनपद व विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ केन्द्र पोषित योजनाओं व अन्य मुख्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनपद में केन्द्र पोषित संचालित योजनाओं का डाटा विकासखण्डवार बनाया जाय ताकि संचालित योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है या नहीं के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने पीएमजीएसवाई एनएच विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि 2014 से 2023 तक जनपद में कितनी सड़कों का निर्माण कराया गया कि सूची विकास खण्डवार प्रस्तुत करें। उन्होंने पीएमजीएसवाई/एनएच द्वारा बनायी जा रही सड़कों की गुणवत्ता को ठीक रखने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनके विभाग में जो केन्द्र पोषित योजनायें संचालित है उन योजनाओं में जो भी कार्य पूर्ण नहीं हुए है उन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन सड़कों का मरम्मत कार्य किया जाना है



उन्हें मानसून से पूर्व कर लिया जाय साथ ही जिन सड़कों को बने हुए एक साल पूर्ण हो चुका है उनके डामरीकरण की गुणवत्ता की जाँच सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में करायी जाय।सांसद ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए विकासखण्ड भिकियासैंण के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिनौड़ा को संचालित करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। उन्होंने शत-प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने अल्मोड़ा मेडिकल कालेज को पूर्णरूप से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने उत्तर प्रदेश निर्माण निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि जो कार्य अवशेष रह गये है उन्हें 24 फरवरी तक पूर्ण करते हुए हस्तान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय ताकि लोगों को मेडिकल कालेज की सुविधा का लाभ मिल सके। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये कि समय-समय पर विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाय। उन्होंने समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालयों में संचालित की जा रही वर्चुवल कक्षों की जानकारी प्राप्त की और कहा कि वर्चुवल कक्षों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा की जाय। सांसद ने जल जीवन मिशन के सभी विकासखण्डों में कितने ग्राम सभाओं में पेयजल आपूर्ति पूर्ण की जा चुकी है उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में बनाये गये अमृत सरोवरों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बनाये गये अमृत सरोवरों में पानी की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए अमृत सरोवरों के आस-पास पौधों का रोपण किया जाय। उन्होंने पूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान राशन कार्डों को लेकर आम लोगों को हो रही परेशानी का त्वरित संज्ञान लेकर समस्या का समाधान करने के निर्देश पूर्ति अधिकारी को दिये। इस दौरान उन्होंने उद्योग, समाज कल्याण, पशुपालन, उद्यान, कृषि, बाल विकास, परियोजना विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। बैठक में विधायक रानीखेत डा0 प्रमोद नैनवाल, धमेन्द्र बिष्ट, जिलाधिकारी वन्दना, मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह, ब्लॉक प्रमुख ताड़ीखेत हीरा रावत, चौखुटिया किरन बिष्ट, जिला विकास अधिकारी के0एन0 तिवारी, धमेन्द्र बिष्ट सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एक लाख नगद और लाखों की चरस समेत तस्कर पकड़ा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।कोतवाली लालकुआं पुलिस ने एक लाख की नगदी तथा लाखों कीमत की चरस समेत एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं के नेतृत्व में गठित एडीटीएफ की पुलिस टीम उनि सोमेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक वंदना चौहान, कॉन्स्टेबल आनंदपुरी, दयाल नाथ, चंद्रशेखर, कमल बिष्ट, महिला कॉन्स्टेबल जया राणा, प्रियंका शाही



द्वारा आज चेकिंग के दौरान राजेंद्र सिंह बोरा उर्फ राजू बोहरा पुत्र धन सिंह बोरा निवासी गांधीनगर प्रथम बिंदुखता लालकुआं को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1.390 किलो चरस व 102950 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि राजेंद्र के खिलाफ पूर्व में भी नशा तस्करी के मामले दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को पांच हजार रुपए नगद पुररूकार देने की घोषणा की गयी है।

# तीन राज्यों में वांछित ईनामी बदमाश दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)। तीन राज्यों में वांछित 15,000 रुपए के इनामी बदमाश को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी मनोज कुमार कात्याल ने बताया कि उत्तराखंड ,उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के विभिन्न अपराधों में वांछित अपराधी जसवंत सिंह उर्फ जस्सू पुत्र कन्हाई निवासी आदर्श



कॉलोनी फकीर पुरा सिविल लाइंस मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है जोकि पिछले लंबे अरसे से पहचान छुपाकर रह रहा था। अभियुक्त भातू गैंग का मुख्य लीडर था तथा 1989 से फरार चल रहा था जिसके तीनों राज्यों की पुलिस को तलाश थी। प्रेस वार्ता में सी ओ ओमप्रकाश शर्मा, कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार, के अलावा उप निरिक्षक सुनील सुतेरी, विजय कुमार द नितिन रोतेला पुरन गिरी, जगमोहन शामिल थे।

# कांग्रेसियों ने फूंका गणेश जोशी का पुतला

रामनगर(उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए लखनपुर चुंगी पर उनका पुतला दहन किया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा कांग्रेस के खिलाफ जो बयान बाजी



की गई है वह काफी शर्मनाक है उन्होंने कहा कि इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का पुतला दहन किया गया है उन्होंने कहा कि आज चाहे केंद्र सरकार हो या भाजपा शासित राज्य सरकार हो सभी अणानी की दलाली का खामोश बैठे हैं उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को अपनी ऐसी बयानबाजी से वाज आना चाहिए नहीं तो कांग्रेस इसके खिलाफ सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जा रहे युवक को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया। रम्पुरा पुलिस चौकी को एक महिला ने सूचना दी थी कि उसकी



नाबालिग लड़की को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी थी। चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि एक सूचना पर पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले ले जा रहे आरोपी खेड़ा निवासी रियाजुल पुत्र शाकुल नवी को झील के पास से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गयी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में भेजने की कार्रवाई की है। साथ ही नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। टीम में चौकी प्रभारी के अलावा कांस्टेबल अमित जोशी, महेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# सड़क हादसे में कार चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बीते दिनों नैनीताल रोड़ पर वन विभाग चौकी के पास कार व बाईक के मध्य हुई टक्कर के मामले में अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी मॉडल कॉलोनी ने कहा है कि वह टाटा मोटर्स कॅम्पनी सिडकुल में कार्यरत है। गत 6 फरवरी को वह अपने दोस्त के साथ ड्यूटी से घर आ रहा था। रूद्रपुर- नैनीताल हाईवे वन विभाग चौकी के पास पीछे से एक कार संख्या यूके 01 टीए 4212 के चालक ने टक्कर मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गया। तब से वह निजी चिकित्सालय में अपना उपचार करा रहा था। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसटीएफ ने 19 और फर्जी आयुर्वेद डॉक्टर चिन्हित किये

देहरादून। पुलिस को 19 और फर्जी डॉक्टरों के बारे में पता चला है। इन डॉक्टरों को भी इमलाख के गिरोह ने ही फर्जी प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए थे। इनके पंजीकरण के सत्यापन के लिए पुलिस ने भारतीय चिकित्सा परिषद को पत्र लिखा है। ताकि, इन पर जल्द कार्रवाई की जा सके। वहीं, इस मामले में 14 डॉक्टर गिरफ्तार हो चुके हैं।बता दें कि 10 जनवरी को एसटीएफ ने फर्जी डॉक्टरों के गिरोह का पर्दाफाश किया था। उस वक्त जांच में कुल 36 डॉक्टरों के बारे में पता चला था, जो देहरादून और अन्य शहरों में फर्जी तरीके से प्रेक्टिस कर रहे थे। एसटीएफ ने दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया था। इन्हें फर्जी डिग्री बेचने वाले गिरोह के एक सदस्य को भी पकड़ा गया था। नेहरू कॉलोनी थाने में दर्ज इस मुकदमे की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने भी अब तक 12 फर्जी डॉक्टरों की गिरफ्तारी की है। जबकि, एसटीएफ ने डिग्री बेचने वाले गिरोह के मुखिया मुजफ्फरनगर के इमलाख को गिरफ्तार किया था। अब जांच टीम को पता चला है कि इमलाख से डिग्री और विभिन्न कक्षाओं के प्रमाणपत्र लेकर 30 से ज्यादा डॉक्टरों ने अपना पंजीकरण भारतीय चिकित्सा परिषद में कराया है। इनमें से 19 डॉक्टरों के बारे में जानकारी जुटा ली गई है। सीओ नेहरू कॉलोनी अनिल कुमार जोशी ने बताया कि इन डॉक्टरों के पंजीकरण के सत्यापन के लिए परिषद को पत्र लिखा गया है। ताकि, यह पता किया जा सके कि उनके संज्ञान में ये फर्जी डॉक्टर हैं या नहीं। इनके साथ ही कुल फर्जी डॉक्टरों की संख्या 55 पहुंच गई है।

## सूचना संबंध विच्छेद

मेरा पुत्र शीतल शर्मा उर्फ राजा शर्मा मेरे कहने सुनने में नही है, इसलिए उसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में अपने कृत्यों का वो स्वयं जिम्मेदार होगा।

-राम निवास शर्मा (आधार 211 457 471 866) पुत्र रामकेवल शर्मा, निवासी-शिमला बहादुर, फुलसुंगा, रूद्रपुर,जिला उधम सिंह नगर

## पेज एक का शेष...

**कांग्रेसियों ने फूंका...**कृषि भूमि खरीदने बेचने में नुकसान उठाना पड़ेगा। राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र पपनेजा ने कहा कि बढ़े सर्किल रेट से आम आदमी रहने लायक भूमि भी नही खरीद पाएगा। इससे पहले तमाम कांग्रेस कार्य करता, किसान, व्यापारी, दस्तावेज लेखक,अधिवक्ता उप निबंधक कार्यलय के प्रांगण मै एकत्रित हुए जहां पर कांग्रेस कार्य ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सर्किल रेट वापस लेने की मांग की और प्रदेश सरकार का पुतला फूंक कर गुस्से का इजहार किया। धरना प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, नजाकत खान, ओमप्रकाश दुआ, राजकुमार बजाज, अरूण तनेजा, भूपेंदर पपनेजा, नवीन जोशी, गुड्डू तिवारी, छोटे कोली, मोहमद आरिफ, परवेज अल्वी, चरन जीत सिंह, पुष्कर रोतेला, अशोक मित्रा, नितिन शर्मा, शतीश जोशी,सरदार परगट सिंह, जीवन जोशी, हरिशंकर जोशी, सुखवीर सिंह, शकील अहमद, श्याम सुन्दर तिवारी,संदीप कबीरा, अधिवक्ता रुखसाना मालिक आदि लोग मौजूद थे।

**मॉल से गायब...**जा रहे हैं। इसी सूचना पर पुलिस ने बैलजूड़ी मोड़ के समीप उधर से होकर गुजर रही इनोवा संख्या एचआर 67/9630 को पुलिस ने शक के आधार पर रोक लिया। गाड़ी के रुकते ही वाहन चालक तथा बराबर में बैठा दूसरा व्यक्ति गाड़ी छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना नाम प्रतापपुर निवासी अमित कुमार पुत्र गजेंद्र सिंह तथा दूसरे ने सनराइज कॉलोनी बारादरी जनपद बदायूं उत्तर प्रदेश निवासी मनीष कुमार पुत्र स्वर्गीय राजाराम बताया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों ने बताया कि प्रिया मॉल की पार्किंग से चुराई गई इनोवा पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वह उसे ठिकाने लगाने जा रहे थे। पुलिस ने दर्ज मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए गिरफ्तार वाहन चोरों को न्यायालय में पेश कर दिया।

**एसडीएम ने निरस्त किये..** करीब 30 निर्माण कार्यों के टेंडर निकाले गए हैं, जिनमें से अधिकतर काम पूर्व में बिना टेंडर डाले ही हो चुके हैं। काम कराने के बाद टेंडर निकालकर अनियमितताएं बरती जा रही है। नगर पंचायत द्वारा बिना टेंडर के काम कराने और काम कराने के बाद टेंडर निकालने की शिकायत पर एसडीएम तुषार सैनी ने गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत द्वारा निकाले गए टेंडर को निरस्त करने के आदेश दिए। एसडीएम के आदेश के बाद नगर पंचायत द्वारा निकाले गए टेंडर निरस्त कर दिए हैं। शिकायतकर्ता ने अपने शिकायती पत्र में बिना टेंडर के जो काम हुए हैं उनमे घटिया सामग्री लगाने की जाँच की मांग करते हुए टेंडर को निरस्त करने की मांग की थी।

**बिना टेंडर के काम..**से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उधर जानकारी लेने पर अधिशासी अधिकारी विमला जोशी और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम से टुरना ने बताया कि निर्माण कार्य के प्रस्ताव शासन को भेजे गए, पैसा स्वीकृत होने के बाद नए टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने पूर्व में काम होने के बाद टेंडर होने की बात से इनकार कर दिया। इधर नगर पंचायत के जेई राहुल ने बताया कि आवश्यकतानुसार कुछ काम हुए हैं, 6 माह पूर्व ही स्टीमेट तैयार हो गया था, फिलहाल बजट की व्यवस्था नहीं है।

**वाहन की चपेट मे..**बताया कि गुलदार के शव का पशु चिकित्सकों की देखरेख में पोस्टमार्टम कराने के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में शव को नष्ट करने की कार्रवाई की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस संबंध में अज्ञात चालक की तलाश शुरू करने के साथ ही उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

**दूसरे निकाह के..**तथा जान से मारने की धमकी देता हुआ अपनी बाईक से चला गया। आरोप है कि जिसके बाद पति रजा मेरेज हाल वार्ड 12 किच्छा निवासी एक युवती को अपने साथ लेकर फरार हो गया है तथा उसके साथ निकाह करने की तैयारी में लगा है। पीड़िता ने अपने पति इरशाद अहमद तथा उसके परिजनों, देवरानी सना पत्नी रियाज तथा सना के पिता मुन्ने के अलावा पति के भाई के आसिफ पुत्र रईस अहमद के खिलाफ कानून की उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगायी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नशे की प्रतिबंधित..** ने पुलिस को बताया कि यह माल वह बरहैनी चौराहा बाजपुर के एक मेडिकल स्टोर मालिक से खरीद कर लाया है। पुलिस ने बरामद कैप्सूल व गोलियों को अपने कब्जे में लेकर नशा तस्कर जगजीत के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी मेडिकल स्टोर स्वामी को पकड़ने के प्रयास तेज कर दिये हैं।

**नगदी समेत...**की पर्ची पेन डायरी आदि बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान करते हुए उसी न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**पांचदिनों मे...**नही हुई है जबकि इससे पूर्व बीस से पच्चीस रजिस्ट्री प्रति दिन हो रही थी।सर्किल रेट बढ़ने से जमीनों की खरीद फरोख्त करने वाले लोग भूमि की रजिस्ट्री नही करा रहे है जिससे सरकार को राजस्व का घाटा हो रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा   समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धौलछीना पुलिस बनी नेत्रहीन दंपत्ति की बुढ़ापे की लाठी, कराया ईलाज

## जन्म से अंधे हैं पीपली नौगांव निवासी दोनों ही वृद्ध लोक कलाकार पहाड़ी गीत गाकर पुलिस की सहायत के लिये दिया अपना आशीर्वाद





अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद की धौलछीना थाना पुलिस ने मित्रता सेवा और सुरक्षा की नायाब मिसाल पेश की है। बीमार तथा बुजुर्ग दिव्यांग लोक कलाकारों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। साथ ही इलाज के बाद घर तक भी पहुंचाया। इसके साथ ही पुलिस ने प्रतिदिन दिव्यांग बुजुर्गों को तीन टाइम दवाई देने का भी बीड़ा उठाया है। सोशल मीडिया पर अल्मोड़ा पुलिस ने बुजुर्ग दंपत्ति की सेवा करते और उनका गीत गाते हुए एक वीडियो शेयर किया। पुलिस के इस कदम की क्षेत्र वासियों द्वारा खूब सराहना की जा रही है। धौलछीना थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि धौलछीना निवासी दिव्यांग लोक कलाकार संतराम तथा आनंदी देवी पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे हैं। ज्ञात हो कि मूल रूप से पीपली नौगांव निवासी दोनों ही वृद्ध लोक कलाकार जन्म से अंधे हैं। तथा धौलछीना में अकेले ही रहते हैं। इनका ध्यान रखने के लिए कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। और ना ही इनकी कोई संतान है। उन्होंने बताया लगभग 1 साल पूर्व घर के पास ही पानी भरने जा रही आनंदी देवी का असंतुलित होकर गिरने से हाथ टूट गया था। तब से वह लगातार बीमार ही चल रही है। जिसकी सूचना क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता श्री रावत ने उनको दी। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि यह जानकारी मिलने पर वह पुलिसकर्मियों सहित दिव्यांग लोक कलाकारों के घर पहुंचे और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने दोनों दिव्यांग बुजुर्गों को अस्पताल ले जाकर उनका इलाज करवाया। तथा इलाज के बाद दोनों को अपनी गाड़ी से घर तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि थाना पुलिस ने बीमार दिव्यांग दंपत्ति को हर रोज तीन टाइम दवाई खिलाने का जिम्मा भी लिया है। दिव्यांग लोक कलाकार संतराम ने बताया कि थानाध्यक्ष ने उन्हें खाने-पीने का राशन भी दिया है तथा नहला धुलाकर घर की साफ-सफाई भी करवाई। उसने बताया थानाध्यक्ष द्वारा बाजार से नए कपड़े खरीद कर दिलाए गए और कुछ कपड़े सिलाने हेतु दिए। अल्मोड़ा पुलिस की सहायता पाकर उसने मन से आशीर्वाद स्वरुप पहाड़ी भाषा में पुलिस के लिए गाना गया। उन्होंने कहा कि भगवान इन पुलिस वालों का भला करेगा। थाना अध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि इंसानियत के नाते उन्होंने बुजुर्ग दिव्यांगों की मदद की। यह उनकी ड्यूटी है और इसी फर्ज को अदा किया है तथा आगे भी वह गरीब महिलाओं और असहाय बुजुर्गों की सेवा करते रहेंगे। क्षेत्रवासियों ने पुलिस के इस कृत्य की काफी सराहना की और कहा कि अगर इसी तरह से सभी पुलिसकर्मी हो जाएं तो आम जनमानस की समस्या अपने आप ही समाप्त हो जाएगी।

# अनहद ग्रुप के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

गदरपुर(उद संवाददाता)।क्षेत्र की प्रतिष्ठित एवं विख्यात अनहद ग्रुप ऑफ इंड्रस्ट्रीज के द्वारा कम्पनी में कार्यरत कर्मचारियों को क्रिकेट का एक सुनहरा अवसर दिया जिसके चलते पिछले लगभग दो माह से हर 15 दिन में अलग अलग कम्पनी के कर्मचारियों के साथ





क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में विगत दिवस क्षेत्र के मौर्य अकेडमी के मैदान में काशीपुर की सूर्या एल ई डी कम्पनी के कर्मचारियों के साथ क्रिकेट का मैच खेला गया।इस मैच को देखने क्षेत्र के तमाम लोग समय से ही मैदान पर पहुच गए। मैच का ट्रांस अनहद ग्रुप द्वारा जीत गया जिसमें उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।मैच का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक हुड़िया द्वारा किया गया। पहले गेंदबाजी करते हुए सूर्या की टीम ने पहले दो ओवर में मात्र 6 रन देकर दो विकेट चटका दिए जिसके बाद अनहद ग्रुप के खिलाड़ी लोकेश एवं अमन ने अपनी पारी को खेलना शुरू किया।जिसने सुर्या टीम के गेंदबाजों के होश उड़ा दिए और मात्र 16 ओवर के मैच में अनहद ग्रुप के खिलाड़ी लोकेश ने मात्र 41 बॉल का सामना करते हुए 10 छक्के व 8 चौको की मदद से 107 ओर अमन ने मात्र 49 बॉल खेलते हुए 5 चौके व 11 छक्के लगाकर 104 रन पर नाबाद रहे और 16 ओवर के इस मैच में 224 रन का बड़ा लक्ष्य सुर्या टीम के सामने रखा। यहां आपको बता दे कि इस मौर्य अकेडमी के मैदान में सैकड़ो क्रिकेट में मैच खेले जा है लेकिन पहली बार इस मैदान में दो लोगो द्वारा शतक लगाया है और वो भी सबसे कम बॉल का सामना करते हुए।वही सुर्या टीम के खिलाड़ियों को अनहद ग्रुप के खिलाड़ियों ने मात्र13.4 ओवर में 143 रन पर समेट दिया। वही सुर्या कम्पनी के प्लांट हैड शुभम चमोली ने अनहद ग्रुप के एमडी लवली हुड़िया को जीत की बधाई दी। इस दौरान लवली हुड़िया ने कहा आज की तेज तरार जिंदगी में कर्मचारियों को सुकून भरे दो पल देने के लिए मित्रता पूर्ण सद्भावना मैच का आयोजन किया जा रहा है जिससे कर्मचारी तनावपूर्ण जिंदगी में कुछ पल अपने लिए भी निकाल सके उन्होंने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देते हुए आशीर्वाद दिया इस मौके पर भारी तादाद में दर्शक मौजूद रहे।

# एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू

काशीपुर(उद संवाददाता)। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 कीर्ति पन्त एवं एसो0 प्रो0 डॉ0 दीपिका गुड़िया आत्रेय ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, कुमाऊँनी नृत्य, पंजाबी नृत्य, शास्त्रीय नृत्य आदि प्रस्तुत किये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 वन्दना सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में होने वाले नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, टीकाकरण, साक्षरता कार्यक्रम, स्वास्थ्य, नुक्कड़ नाटक जैसे




कार्यक्रमों एवं बौद्धिक सत्र के अन्तर्गत होने वाले सैल्फ डिफेन्स एवं रक्तदान शिविर लगाये जाने सम्बन्धी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 गीता मेहरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 मन्जु सिंह, डॉ0 रमा अरोरा, डॉ0 अंजलि गोस्वामी, डॉ0 दीपा चनियाल, डॉ0 रंजना, श्रीमती प्राची धौलाखण्डी, डॉ0 ज्योति रावत, डॉ0 पुष्पा धामा, डॉ0 ज्योति गोयल, डॉ0 मंगला, श्रीमती कृति टण्डन, कु0 शिवानी साह, पवन कुमार, कु किरन फर्त्याल, कु0 सृष्टि सिंह आदि उपस्थित रहे।

# उत्थान मंच की भूमि पर कब्जे के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की भूमि पर लगातार कब्जे की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर नगर में न्यायालय के आदेश के बाबजूद कुछ लोगों द्वारा विवादित जगह पर खंडित मूर्तियां रख निर्माण करने की कोशिश करने का आरोप लगाकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संस्थापक सदस्य हुकम सिंह कुंवर के नेतृत्व में मंच के लोगों ने नगर मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाबजूद कुछ लोग शिव रात्रि के दिन विवादित जगह जबरन घुस गए। जहां उन्होंने खंडित पूजा सामग्री रख निर्माण की कोशिश करने लगे। वहां से बल्लियां ले मंच के पदाधिकारियों को धमकी भी दे गए। नगर मजिस्ट्रेट ने



बताया कि वहां पर कोई निर्माण नही हो सकता। क्यों कि न्यायालय ने निर्माण पर रोक लगा रखी है। वह स्वयं इस मामले में गंभीर है। हुकम सिंह कुंवर ने विवादित जगह को सील करने की मांग की ताकि वहां पर पूजा के नाम पर माहौल खराब करने से रोका जा सके। मंच के अध्यक्ष डॉक्टर चंद्र शेखर तिवारी के हताक्षरों से दिए गए ज्ञापन में नगर मजिस्ट्रेट से मांग की गई है जो लोग शिवरात्रि पर्व पर जबरन विवादित जगह घुसे उनके खिलाफ तुरंत कार्यवाही हो। महासचिव मुकेश शर्मा ने कहा कि आगामी 25 फरवरी दिन शनिवार को पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की आम सभा रखी है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच पहाड़ की एक धरोहर है। इसे बचाए रखना पूरे पहाड़ की जिम्मेदारी है। बाद में कोतवाली मैं भी जबरन विवादित जगह जाकर कब्जा करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। ज्ञापन देने वालोंमेंएडवोकेट बीसी पनेरू, प्रदीप तिवारी, धाम सिंह परगाई, भोपाल सिंह बिष्ट, जगत सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, शोभा बिष्ट, त्रिलोक बनौली, लोकेश नेगी, कमल जोशी, प्रदीप बर्गली जया पाठक, मुन्नी पंत, पुष्पा संबल, देवेंद्र तोलिया, मधु सांगुड़ी आदि लोग शामिल थे।

# गोल्ड मेडलिस्ट मोहित चोपड़ा का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बॉडी बिल्डिंग हेल्थ एंड फिटनेस एसोसिएशन के तत्वाधान मे करनाल हरियाणा में आयोजित हुई ऑल इंडिया बॉडी बिल्डिंग चौंपियनशिप कंपटीशन में गोल्ड मेडल जीतने के पश्चात रुद्रपुर पहुंचने पर शहर के लोगो ने आतिशबाजी कर फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।इस मौके पर मोहित चोपड़ा के पिता अशोक चोपड़ा, माता ममता



चोपड़ा, पत्नी पूजा चोपड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, संजय ठुकराल, अशोक चोपड़ा, पवन गाबा पल्ली, विक्की मुंजाल, पुनीत जुनेजा, सुनील आर्य, सतीश प्रजापति, सागर छाबड़ा, सत्यम अरोरा, गोला इदरीस, वैभव भुड्डी, संप्रीत ग्रोवर, असलम सलमानी सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

# विकसित भारत को गति देने वाला बजट: अजय भट्ट

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भटट ने बजट 2023-24 उपलब्धि की समीक्षा पत्रकार वार्ता के दौरान सर्किट हाउस काठगोदाम में की। श्री भटट ने कहा कि बजट विकास और समृद्धि का बजट है। उन्होंने का बजट में मध्यम वर्ग को कर में छूट के साथ ही बुजुर्गों को छोटी बचत योजनाओं पर आकर्षण बचत के साथ ही खेती में किसानों को हाईटेक बनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत को निर्माण को गति देने वाला बजट है। इससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को गति मिलेगी। उन्होंने कहा बजट में हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड को विकास की रफ्तार बढाने के लिए धन की कमी से जूझना नही पडेगा। उन्होंने कहा केन्द्र पोषित योजनओं के रूप में अवस्थापना विकास हेतु धनराशि भरपूण आंवटित की गई है। श्री भटट ने कहा कि बजट में 10 लाख करोड का प्राविधान 33 प्रतिशत वृद्धि का सीधा लाभ केन्द्र पोषित योजनाओ को मिलेगा जिससे केन्द्र द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं को गति मिलेगी। उन्होंने कहा प्रथम गांव की पहचान रखने वाले सीमांत गांवों में वाइब्रेंट विलेज योजना के अन्तर्गत अब पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। जिससे वहां का विकास के साथ ही रोजगार के अवसर भी बढेंगे तथा उस क्षेत्र की आर्थिकी के साथ ही पलायन भी नही होगा। उन्होंने



कहा पीएम आवास योजना में 66 प्रतिशत की वृद्धि की गई है इससे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे आवास बनाने के लिए गरीबों को आवास उपलब्ध हो सकेगा। पर्यटन को मिशन मानकर उठाए गए कदम उत्तराखण्ड की आर्थिकी, रोजगार और आजीविका के लिए एक बडा आधार तैयार किया गया है। उन्होंने कहा प्रदेश के 50 पर्यटन गंतत्य के चयन मे उत्तराखण्ड को स्थान मिला है। श्री भटट ने कहा वाइब्रेंट विलेज योजना मे चीन और नेपाल की सीमा से सटे गांवो को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा बजट से समाज के हर तबके के लोगों को संतुष्ट किया गया है। बजट में प्रदेश को 740 एकलव्य विद्यालय खोले जायेंगे जिसमें 38800 टीचर्स एवं कर्मचारियों की तैनाती की जायेगी। 26 करोड की धनराशि से भीमताल मे स्कूल का निर्माण किया जा रहा है इसके साथ ही जमरानी बांध हेतु प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत अन्तिम स्वीकृति मिली चुकी है जल्द ही जमरानी बांध का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। 12 करोड की धनराशि से नारीमन काठगोदाम से तीनपानी हल्द्वानी तक सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल चुकी है। काठगोदाम में गौलापुल पर द्वितीय पुल निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है जल्द ही इस पर कार्य प्रारम्भ होगा। उन्होनें कहा गदरपुर बाईपास, रूद्रपुर बाईपास के साथ ही 10 करोड की लागत से खैरना पुल का निर्माण पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार द्वारा पीएमजीएसवाई योजना के तहत 12 सडकें स्वीकृत हो चुकी है।